# नगर निगम क्षेत्र में अतिक्रमणों की बाढ़

## कार्यवाही नहीं होने से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम क्षेत्र में इन दिनों अतिक्रमण की बाढ़ आई हुई है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शांतिनगर, वार्ड नं.-06, में गली नंबर- 04 व गली नंबर- 05 के बीच स्थित नहर-नाली रोड में मोहन चंदेल, चुन्नू लाल सिन्हा, कामता प्रसाद साहू जो शासकीय भूमि पर अवैध तरीके से कॉलम-दीवाल का पक्का ढाँचा निर्मित कर दिये हैं, जिससे वार्डवासियों के आने-जाने में परेशानी हो रही है एवं दुपहिया/चारपहिया वाहन का आवागमन बाधित हो रहा है। यह कि मोहन चंदेल, चुन्नू लाल सिन्हा, कामता प्रसाद साहू तीनों शासकीय कर्मचारी हैं।

यह कि, मोहन चंदेल के द्वारा अपने घर के वृक्ष को काटकर कर, रोड-रास्ता पर ही रख देते हैं, और अपनी निजी वाहनों को भी रोड-रास्ता में रख देता है। यह कि चुन्नू लाल सिन्हा ने अतिक्रमण के उद्देश्य से शासकीय भूमि रोड-रास्ता पर मकान निर्माण करने हेतु कॉलम गड्ढा खोद दिया है एवं कामता प्रसाद साहू शासकीय भूमि पर पक्का निर्माण कर लिया है जिसमें छत ढलाई होना है। यह कि, तीनों शासकीय कर्मचारी रहते हुये शासन के नियमों का उल्लंघन करते हुये अतिक्रमण कर रहे हैं। ज्ञात है कि नहर-नाली का सीमांकन राजस्व विभाग के द्वारा किया गया है जिसमें नहर-नाली की कुल चौड़ाई 66 फुट है जिस पर अतिक्रमण किया जा रहा है। चुन्नू लाल एवं कामता प्रसाद के द्वारा नगर निगम राजनांदगांव से भवन अनुज्ञा भी प्राप्त नहीं किया गया है एवं छत्तीसगढ़ भूमि विकास अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करते हुये भवन निर्माण किया जा रहा है।

# शुभम मार्ट के सूजी में निकली इल्ली, जांच के लिए पहुंचे खाद्य अधिकारी



राजनांदगांव (दावा)। शहर स्थित शुभम मार्ट के सूजी की क्वालिटी घटिया होने की शिकायत मिलने पर खाद्य अधिकारी श्री ध्रुव मौके पर पहुंचे और मार्ट के मैनेजर के सामने कथित घटिया सूजी को सेम्पल जांच के लिए लेकर जांच के लिए भेज दिया गया है।

खाद्य अधिकारी श्री ध्रुवे ने बताया कि शुभम मार्ट में घटिया क्वालिटी की सूजी बेचा जा रहा है जो सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। शिकायत पर शुभम मार्ट में पहुंचकर उक्त सूजी का सेंपल ले लिया गया है। और आगे जांच के लिए भेज दी है। श्री ध्रुव ने बताया कि मार्ट के और भी सामानों के संबंध में एसी कोई शिकायत अभी तक नहीं आई है। फिर भी मार्ट में बिकने वाले सामानों पर नजर रखी जाएगी तथा संदेह होने पर इसे भी जांच लिए कार्रवाई किया जा सकता है। बहरहाल कथित रूप से घटिया कहीं जाने वाली सूजी का सेंपल ले लिया गया है और आगे जांच के लिए भेज दी गई है। जांच रिपोर्ट आने तक इंतजार किया जाएगा।

# गायत्री शक्तिपीठ में वैदिक मंत्रोच्चार व स्वाहा ध्वनि के उच्चारण के साथ मातारानी को दी गई आहूति



- विभिन्न संस्कारों के साथ सम्पन्न किए गए पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ
- अष्टमी हवन में आहूति प्रदान करने बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु, महाप्रसादी वितरित

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि नवमी को पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच स्वाहा ध्वनि के साथ मां गायत्री को आहुति प्रदान की। गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या व उपट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन ने आगत जनों को शारदीय नवरात्रि पर्व की सबको शुभकामनाएं देते हुए सबका स्वागत किया।

शक्तिपीठ में आयोजित पांच कुण्डीय यज्ञ के पहले मां गायत्री प्रतिमा के सामने बड़ी संख्या में सनातन धर्म के विभिन्न संस्कार सम्पन्न किए गए। जिसमें मंदिर के पुरोहित त्रिवेंद्र ठाकुर व खेमसिंह ठाकुर ने देवशक्ति शर्मा, रोली शर्मा, वर्धन शर्मा का दीक्षा संस्कार तथा पुष्टि शर्मा का मुंडन संस्कार सम्पन्न कराया गया। इसी तरह सुदेश साहू, रौशनी साहू, डीकेश्वर, हूलसी साहू का भी दीक्षा संस्कार कराया गया, वहीं पुष्पा व तारिणी सिन्हा के भी वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संस्कार संपन्न कराए गए। इस दौरान संस्कार सम्पन्न कराने वालों की मंदिर में खासी भीड़ रही।

गायत्री शक्तिपीठ प्रांगण में आयोजित पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में आहुति प्रदान करने पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, सूर्यकांत चित्रांग्दा, नंदकिशोर सुरजन, अलका सुरजन, सुषमा सुरजन, मुरलीधर चौधरी, जयंती भाई, हिरेन ठक्कर, सुनील ठक्कर, सुखनंदन साहू, गोविंद भाई पटेल, जुगल किशोर लड्ढा, श्रीमती राधा लड्ढा, हरीश गांधी, रुपाली गांधी, राजा गुप्ता, विनय धनसाय, केतकी साहू, सालिकराम, इंदू बहनजी, श्रीमती अंजनी कोशा, सौरभ खंडेलवाल, राहुल अग्रवाल, विजय कौशिक, भेष कुमार साहू आदि बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों व सत्य सनातन धर्मियों की उपस्थिति बनी रही। वैदिक मन्त्रोंच्चार के साथ संगीतमयी यज्ञानुष्ठान का संचालन पुरोहित नृपाराम व सुखमन सहित जयंती बहन व सुश्री ज्योति साहू ने किया। उक्त जानकारी शक्तिपीठ के व्यवस्थापक ओमप्रकाश ने दी है।

## पहला कॉलम...

### दीपचंद चित्रकला प्रशिक्षण केन्द्र में रंगोली प्रशिक्षण प्रारंभ


राजनांदगांव (दावा)। आज से रंगोली प्रशिक्षण की शुरूआत ओसवाल लाईन, राजनांदगांव में संचालित दीपचंद चित्रकला प्रशिक्षण केन्द्र में आज से 7 दिवसीय रंगोली प्रशिक्षण शुरू। संस्था के संचालक दीपचंद साहू ने बताया कि दीपावली के पावन पर्व पर शहर में प्रतिवर्ष की तरह इस साल भी 7 दिवसीय रंगोली प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें प्रत्येक दिन अलग-अलग प्रकार की रंगोली सिखायी जायेगी। समय सुबह 10:30 से 12 बजे तक और दोप. 3:30 से शाम 5 बजे तक। इसमें मल्टी कलर शैडिंग, ब्लेक एण्ड व्हाइट, फ्लावर रंगोली, संस्कार भारती, ग्रीटिंग रंगोली, पोस्टर, पोट्रेट रंगोली की बारिकियां सिखायी जाएगी। इच्छुक अपना पंजीयन कार्यालय ओसवाल लाईन में दीपचंद चित्रकला प्रशिक्षण केन्द्र में करा सकते है।

### डॉ. श्यामलाल अग्रवाल का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय कैलाश नगर निवासी स्व. चौथमलजी अग्रवाल के पुत्र डॉ. श्यामलाल अग्रवाल (92 वर्ष) का निधन आज रात्रि हो गया है, जिनकी अंतिम यात्रा कैलाश नगर स्थित निवास से सुबह 11:30 बजे लखोली मुक्तिधाम को जायेगी। डॉ. अग्रवाल अपने पीछे पुत्र रमेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गये है।

### धांधूराम नायक का निधन



डोंगरगांव (दावा)। गायत्री परिवार के कर्मठ कार्यकर्ता, वरिष्ठ परिजन तथा साधक समीपस्थ ग्राम मुचेदण्ड निवासी धांधूराम नायक का आज सुबह हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 70 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार आज ग्राम के मुक्तिधाम में अपरान्ह 3 बजे संपन्न हुआ। वे अपने पीछे पत्नि, दो पुत्र सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये। उनके अंतिम संस्कार में गायत्री परिवार के जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा, प्रभात साहू, अजय गुप्ता, हरीश गांधी, बालकृष्ण सिन्हा, होरीलाल साहू, सुरेश यादव, सुरेश पटेल, ढालसिंह साहू, हरीश चौहान सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के कार्यकर्ता, परिजन तथा ग्रामवासी उपस्थित थे। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावांजलि दी गई।

### श्रीमती सावित्री राजकुमार द्विवेदी का निधन



डोंगरगढ़(दावा)। ग्राम पंचायत शिवपुरी के सरपंच वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार द्विवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री द्विवेदी उम्र 50 वर्ष का हृदय गति रुकने से गुरुवार की शाम अचानक निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार जेल रोड स्थित मुक्तिधाम में आज शनिवार 12 अक्टूबर को प्रातः10 बजे किया जाएगा। वे वर्तमान में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव की उपाध्यक्ष थी। उनके निधन पर ब्राह्मण समाज सरपंच संघ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक परिवार विश्व जागृति मिशन सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
वेट्टैयन द हंटर
कलाकार - राजनीकांत, अमिताभ बच्चन, राणा दग्गूबाती, फहद फासिल आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
12th OCT to 17th OCT 2024
silver SCREEN




Vicky Vidya Ka Who Wala Video (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Jigra (Hindi) - 12:00, 03:00, 06:00 & 09:00 pm
Vettaiyan (Hindi) - 12:15, 03:15, 06:15 & 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# लायंस गरबा उत्सव में शामिल हुए सांसद संतोष पांडे

## भक्ति के बिखेरे रंग गरबा की बिखरी मनोहारी छटा, गरबा नृत्य करने वालो के बेस्ट परफॉर्मर्स पर बांटे गए बंपर इनाम



राजनांदगांव (दावा)। गायत्री स्कूल मैदान में आयोजित लायंस इंटरनेशनल गरबा उत्सव-2024 में लगातार अतिथियो का आगमन बना हुआ है। क्षेत्र के विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमनसिंह सहित कलेक्टर एसपी, निगम आयुक्त से लेकर मीडिया जगत के वरिष्ठ पत्रकार/साहित्यकार के अलावा उद्योगपति, समाजसेवी नेता व जन प्रतिनिधियों का प्यार व स्नेह लगातार लायंस क्लब को मिल रहा है, जिससे लायंस प्रतिनिधियों को काफी प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है और इन महानुभावों के पधारने से उन्हें संबल भी मिल रहा है। इससे न केवल लायंस क्लब के गरबा आयोजन की गरिमा में वृद्धि हो रही है संस्कारधानी नगरी के गरबा उत्सव आयोजन की दूर-दूर तक चर्चा भी हो रही है।

गुरूवार नवरात्रि पर्व की अष्टमी तिथि को जिले के सांसद संतोष पाण्डे प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा के साथ लायंस गरबा उत्सव में पधार कर आयोजन में धार्मिकता के रंग भर दिए। बता दें कि जिले के सांसद श्री पांडे प्रखर वक्ता ही नहीं अच्छे रामायणी भी है। उनकी उपस्थिति ही धार्मिकता का चेप्टर खोलने वाला होता है।

भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा, प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा आदि के साथ लायंस गरबा उत्सव में पहुंचे सांसद श्री पांडे ने लायंस क्लब के इस गरिमामयी व गरबामयी आयोजन की खूब तारीफ की और कहा कि सनातन संस्कृति व इसकी धार्मिक परंपराओं की अक्षुणता को बनाए रखने में लायंस क्लब का विशेष योगदान है। उन्होंने मातारानी के नाम पर आयोजित

**आगत अतिथियों ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं**

इस गरिमामय कार्यक्रम में जगज्जननी आदि शक्ति मां दुर्गे भवानी की पूजा अर्चना कर गरबा उत्सव की भव्य शुरुआत की। इस दौरान सांसद जी का पूजा अर्चना में साथ पद्मश्री लायन डा.पुखराज बाफना, लायन श्रीमती शारदा तिवारी, लायन अध्यक्ष तरणदीप सिंह अरोरा, ला. बृजकिशोर सुरजन, ला. राजा माखीजा, ला. संतोष लोहिया एवं ला.राजकुमार शर्मा व श्रीमती कंचन शर्मा, समाज सेवी व अधिवक्ता हलीम बख्श गाजी, श्रीमती सबीहा गाजी, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव सूरज खंडेलवाल, ओमप्रकाश भूतड़ा, प्रशांत सोनी, पार्षद राजेश जैन राणू, सौरभ अग्रवाल आदि ने दिया। इसके बाद धूमधाम के साथ शुरू हुए गरबा उत्सव में बड़ी संख्या में गरबा नृत्य करने वालों की धूम रही। उनके द्वारा किए जा रहे मनोहारी अंग संचालन व आकर्षक वेशभूषा के साथ नृत्य के एक-एक स्टेप के प्रदर्शन ने लोगों का मन मोह लिया। नवरात्रि पर्व के अष्टमी व नवमी तिथि के इस गरबा उत्सव आयोजन में सर्व श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालो को पुरस्कृत किया गया। इसमें बेस्ट गरबा के लिए भूमिका दवे और त्रिलोक यादव रहे। इसी तरह बेस्ट ड्रेस के लिए पलक ठाकुर व तरुण तथा बेस्ट ड्यूएड के लिए वंशिका व खुशबू ध्रुवे को पुरस्कृत किया गया।

गरबा उत्सव में बेस्ट दिलदार परफार्मिंग के लिए दशरथ वारशी व घनश्याम साहू तथा बेस्ट लवली परफॉर्मेंस के लिए भारती चौरसिया व विश्व रुपी मिश्रा एवं श्रीमती रजनी अग्रवाल को सम्मानित किया गया। वहीं बेस्ट किड में प्रांजलि मिश्रा, पुस्पिता शर्मा व पलक शर्मा विजेता रही। इस दौरान श्रीमती शोभा राजकुमार शर्मा व कंचन मुकेश चौबे द्वारा मातारानी की पूजा अर्चना कर लायंस पदाधिकारियों सहित गणमान्य जनों ने श्रेष्ठ गरबा के प्रदर्शनों से पुरस्कृत होने वाले गरबा प्रतियोगियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# बाउसरों पर प्रतिबंध कर पुलिस व्यवस्था के लिये आप ने सौंपा ज्ञापन



**सीएम सहित आईजी एसपी, एसडीएम से की मांग**

राजनांदगांव (दावा)। विजयदशमी पर्व व अन्य पर्वों पर राजनांदगांव में बाउंसर की खतरनाक व्यवस्था को प्रतिबंधित कर कानून व्यवस्था को लागू करने बाबत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेज, पुलिस अधीक्षक तथा एसडीएम को एक लिखित ज्ञापन सौंपा है।

आम आदमी पार्टी के राजनांदगांव लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी ने लिखित ज्ञापन में बताया कि साहित्य नगरी राजनांदगांव में शहर की धार्मिक परंपरा वर्षों पुरानी है और इन सब परंपराओं का पालन करने में हर नागरिक प्रयासरत हैं। जिसके चलते इन हर वर्ष आयोजन होता है। कुछ सालों से यह देखने में आ रहा है कि विभिन्न समितियां ऐसे आयोजनों में डीजे के साथ बाउंसर की गलत व्यवस्था कर रही है।

ऐसे बाउसंर विभिन्न गेटो पर उपस्थित होकर आम महिलाओं, बच्चों और पुरुषों से बदतमीजी पूर्वक गाली गलौज करते धक्कामुक्की करते हैं, जिससे शहर की संस्कृति और परंपरा को धक्का लगने के साथ अपराध है। ऐसे कई बाउंसर हैं जिनका कोई रिकॉर्ड आज तक पुलिस विभाग में नहीं मांगा है इनके रिकॉर्ड के साथ स्वास्थ्य जांच की जाए तो बहुत बड़ा खुलासा भी हो सकता है।

# गरबो घूमतो जाओ : महावीर कल्पवृक्ष सोसायटी में गरबे की धूम




राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्रि में गुजरात के पारंपरिक गरबे का आयोजन महावीर सोसाइटी में 7-8-9 अक्टूबर को अध्यक्ष अशोक पारख द्वारा बनाई गई कमेटी के सदस्य प्रकाश बाफना, अनिल तातेड तथा संदीप गिडिया व अंकेश के नेतृत्व में किया गया।

प्रकाश बाफना ने बताया कि इन तीन दिवसीय आयोजन में सोसाइटी की महिलाएँ, बच्चों तथा पुरुषों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया तथा माता अम्बे की आराधना की। 8 अक्टूबर को सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम में सोसाइटी की बुजुर्ग माताओं का समस्त कालोनी द्वारा श्रीफल, शाल तथा पुष्प गुच्छ से सम्मान किया गया।

तीन दिनों के आयोजन में बेस्ट गरबा फीमेल, मेल, कीड्स, बेस्ट कपल, बेस्ट ड्रेस अप आदि अनेकानेक पुरुस्कार एवं बच्चों को सांत्वना पुरुस्कार भी दिये गये। कार्यक्रम के निर्णायक श्रीमती वर्षा अग्रवाल एवं श्रीमती पूजा ओस्तवाल थी। राजेंद्र लड्ढा कार्यक्रम संरक्षक, पन्नालाल चोपड़ा, रत्नेश जैन, प्रियंक जैन, सुभाष अग्रवाल, संजय लालवानी, दीपक खोखारिया, श्रीमती दीपा बागड़ी, श्रीमती खुशबू नाहटा, रमेश सोनी आदि लोगों का सहयोग रहा। इस संस्कारधानी धार्मिक आयोजन का भोजन प्रसादी के साथ 9 तारीख को समापन हुआ।

# भेड़ीकला में कल विशाल भंडारा



राजनांदगांव (दावा)। शहर से लगे ग्राम भेड़ीकला में युवा सरस्वती उत्सव समिति प्रज्ञा चौक में कल 13 अक्टूबर को विशाल भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। समिति के व्यवस्थापक कृष्णा साहू एवं झन्नेश देवांगन एवं समस्त सदस्यों ने माता के भक्तों से इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर मातारानी का प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
3-5-9
269-7 158-4
राजधानी
2-8-0
899-6 179-7

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**किराये से देना है**

कंचनबाग में सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला भवन आफिस के लिये किराये से देना है। 3 बेडरुम, किचन, 3 हाल अटैच लेटबाथ गार्डन सहित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। किराये से देना है।

-: संपर्क करें :-
मो. 8319936007

**CSPDCL छत्तीसगढ़ स्टे. पॉ. डि. कं. लि. राजनांदगांव**

-:आवश्यक सूचना:-

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली पूर्व विद्युत लाईनों एवं उपकरणों के आवश्यक सुधार कार्य हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में प्राप्तः 9.00 बजे से दोपहरः 3.00 बजें तक निम्न तालिका अनुसार दर्शाई गई तिथियों में विद्युत प्रदाय बंद रहेगी :-

| क्रं. | दिनांक | फीडर का नाम | उपकेन्द्र का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 14.10.2024 (सोमवार) | 11 के.व्ही. संबलपुर | सिंघोला | संबलपुर, भंवरमरा, भोथली |
| 2 | 15.10.2024 (मंगलवार) | 11 के.व्ही. सिंघोला | सिंघोला | सिंघोला, ढोड़िया, भोड़िया |
| 3 | 16.10.2024 (बुधवार) | 11 के.व्ही. सुरगी | सिंघोला | भोथिपारकला, भोथिपारखुर्द, ढोडिया |
| 4 | 17.10.2024 (गुरूवार) | 11 के.व्ही. राजीवगांधी | सिंघोला | उसरीबोड़ |
| 5 | 18.10.2024 (शुक्रवार) | 11 के.व्ही. रानीतराई | सिंघोला | रानीतराई, महराजपुर, आलीखुंटा |
| 6 | 19.10.2024 (शनिवार) | 11 के.व्ही. सुरगी | सुरगी | सुरगी, कोटराभांठा |
| 7 | 21.10.2024 (सोमवार) | 11 के.व्ही. कुम्हालोरी | सुरगी | कुम्हालोरी, बेलटिकरी |
| 8 | 22.10.2024 (मंगलवार) | 11 के.व्ही. मुड़पार | सुरगी | मुड़पार, मलपुरी |
| 9 | 23.10.2024 (बुधवार) | 11 के.व्ही. आरला | सुरगी | आरला, बुचीभरदा |

टीप :- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई/बढ़ाई जा सकती है।
'असुविधा के लिए खेद है।'
'स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत कीजिए'

(आर.के.गोस्वामी)
कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि. राजनांदगांव

**CSPDCL छत्तीसगढ़ स्टे. पॉ. डि. कं. लि. राजनांदगांव**

-:आवश्यक सूचना:-

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली पूर्व विद्युत लाईनों एवं उपकरणों के आवश्यक सुधार कार्य हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रातः 9.00 बजें से दोपहरः 02.00 बजे तक तालिका अनुसार दर्शाई गई तिथियों में विद्युत प्रदाय बंद रहेगी:-

| क्रं. | दिनांक | दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 14.10.2024 | सोमवार | 11 के.व्ही. मनकी | सोमनी सबस्टेशन से फरहद, ककरेल, परमालकसा, मौहाभाठा, अचानकपुर |
| 2 | 15.10.2024 | मंगलवार | 11 के.व्ही. मनकी | सोमनी सबस्टेशन से ठेकवा, खुटेरी, ठाकुरटोला, तोरनकट्टा, मनकी |
| 3 | 16.10.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही. सांकरा, देवादा | टेड़ेसरा, देवादा, कोपेडीह, अंजोरा बाईपास |
| 4 | 17.10.2024 | गुरूवार | 11 के.व्ही. मुढ़ीपार | बघेरा सबस्टेशन से मुढ़ीपार बस्ती, मनगटा |
| 5 | 18.10.2024 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. मुढ़ीपार | सोमनी सबस्टेशन से बैगाटोला, इंदावनी, नवागांव, मुढ़ीपार, बिरेझर, जोरातराई |
| 6 | 19.10.2024 | शनिवार | 11 के.व्ही. मगरलोटा | मगरलोटा, फुलझर, जोरातराई |
| 7 | 21.10.2024 | सोमवार | 11 के.व्ही. तिरगाझोला | धीरी, सांकरा, ईरा, सोमनी |

टीप :- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई/बढ़ाई जा सकती है।
'असुविधा के लिए खेद है।'
'स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत कीजिए'

(आर.के.गोस्वामी)
कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि. राजनांदगांव

# आज विजयादशमी पर्व : बुराई के प्रतीक रावण का होगा दहन

राजनांदगांव (दावा)। आज शहर सहित पूरे अंचल भर में विजयादशमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जगह-जगह बुराई के प्रतीक रावण को जला कर मारा जाएगा। उसका विशाल काय पुतला बनाकर उसे धू-धूकर जलाया जाएगा और बुराई पर अच्छाई की जीत की जमकर खुशियां मनाई जाएगी।

बता दें कि आज के दिन ही भगवान श्री राम ने आततायी व अहंकारी रावण का वध किया था और आसूरी शक्तियों पर विजय प्राप्त की थी। इसी की याद में हजारों-हजार साल से प्रति वर्ष शारदेय नवरात्रि के दशमी तिथि को विजयादशमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाता है। शहर में आज लगभग एक दर्जन स्थानों पर रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित है। इसमें सबसे प्रमुख स्टेट हाईस्कूल का राष्ट्रीय दशहरा उत्सव समिति व म्युनिसिपल स्कूल मैदान में आयोजित छत्तीसगढ़ जन महोत्सव का रावण दहन कार्यक्रम तथा कमला कालेज मैदान में होने वाले राजा महंत दिग्विजय दास दशहरा उत्सव समिति का रावण दहन आयोजन में बड़ी संख्या में लोग जुटते हैं।

इसी तरह लखोली स्कूल मैदान, गौरीनगर, लेबर कालोनी, नंदई सोमनी, आदि जगहों में होने वाले रावण दहन कार्यक्रम में भी अच्छी खासी भीड़ बनी रहती है। इन स्थानों में आज रावण दहन की धूम रहेंगी। रंगीन आतिशबाजियों सहित रंगारंग गीत-संगीत के कार्यक्रम व लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन किए जाएंगे जिसे देखने हजारों की संख्या में भीड़ रहेगी।



**बाजे-गाजे के साथ ज्योति-ज्वांरा विसर्जन की रहेगी धूम**

### ज्योति-जवांरा व दुर्गा विसर्जन यात्रा की रहेगी धूम

बता दें कि आज नवरात्र नवमी को मंदिर, देवी स्थलों में स्थापित की गई ज्योत-जवांरा व दुर्गा पंडालों में विराजित मां दुर्गा काली, सरस्वती शारदे प्रति माओ के विसर्जन की धूम रहेंगी।

ज्योति जंवारा सहित शारदीय नवरात्र पर पंडालों में विराजित मां दुर्गा, सरस्वती व मां काली प्रतिमा का धूमधाम के साथ नदी-तालाबों में विसर्जन किया जाएगा। इस दौरान मांदर ढोलक व झांझ मंजीरे के साथ जसगीत गान की धूम रहेंगी। मातारानी की कीर्ति जसगीत व जसगान के साथ बखाने जाएंगे। विसर्जन यात्रा में भी लोगों की भीड़ बनी रहेगी। ज्योति जंवारा विसर्जन यात्रा में जहां सेवक, बैगा जन माता जी का खप्पर हाथ में लिए त्रिशूल बाना के साथ दैवीय आवेग में चलते हुए नजर आएंगे वहीं बाजे-गाजे के साथ चल रहे माता जस गायक जनों के पीछे कतार बद्ध महिलाए सिर में ज्योत - ज्वारा धारण किए नजर आएंगी। इस दौरान हरियर मड़वा उजारे व सगरी नहाए ल चले, माता महारानी, गीत वातावरण में गुंजायमान रहेगा। उक्त जसगान के चढ़ते-उतरते लय-ताल के बीच, देवीय आवेग वाले महिला-पुरुष झूमते-नाचते ऐ नजर आएंगे।

### आस्था का उमड़ा सैलाब

बता दें कि शहर से लेकर पूरे अंचल भर में शारदीय नवरात्र पर्व की धूम रही। जगह-जगह देवी प्रतिमाएं विराजित कर नौ दिनों तक मातारानी की पूजा अर्चना, जप तप ध्यान-साधना उपासना के कार्य सम्पन्न किए गए। इसी के साथ ही देवी माता की मनोहारी प्रतिमाएं व ज्योत-जवांरा का दर्शन करने लोगों की भीड़ रही। मां बम्लेश्वरी, मां भवानी, पाताल भैरवी मां, भानेश्वरी माता के दर्शन के लिए आस्था का सैलाब रहा। शहर से लेकर इन देवी स्थलों तक पदयात्रियों की सेवा के लिए सेवा पंडाल लगाया गये थे।

नवरात्रि तिथि की समाप्ति के साथ ही इन सेवा पंडालों को समेटा जा रहा है। इधर शहर में नवरात्रि पर्व पर रास गरबा की भी धूम रही। लोहाणा महाजन बाड़ी, गायत्री स्कूल के अलावा शिवनाथ वाटिका, पद्मश्री आडिटोरियम, कन्हारपुरी आदि जगहों में मातारानी की आराधना सहित रास-गरबा के आयोजन किए गए जहां शहर के गणमान्यजनों सहित नेता जनप्रतिनिधियों व शासकीय अधिकारियों की भी गरिमामयी उपस्थिति बनी रही। गरबा नृत्य प्रेमियों के साथ इन महानुभावों ने भी माता रानी की शान में जमकर झूमे और नाचे।और मां दुर्गा सरस्वती शारदे के प्रति अपनी श्रद्धा भक्ति प्रकट की। नवरात्रि पर्व की नवमी व दशमी तिथि को इन सभी आयोजनों पर विराम लगता नजर आया। हालांकि शारदीय नवरात्रि के अष्टमी हवन की शुरुआत गुरुवार से हो गई थी।

चूंकि अष्टमी व नवमी तिथि एक ही दिन होने के कारण ज्यादातर लोगों ने शुक्रवार के दिन ही नवरात्रि नवमी का यज्ञ-हवन कर आहूति प्रदान की इस दौरान दुर्गा पंडालों व व ज्योत-जवांरा स्थल वाले देवी मंदिरों में यज्ञ हवन आयोजन की धूम रही। कन्या पूजन व महाप्रसादी वितरण के लिए जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान चारो ओर पूरी तरह भक्ति-भावना का माहौल बना रहा। आज विजयादशमी पर्व की धूम बनी रहेगी। आसूरी शक्तियों पर विजय पाने की खुशी में रंगबिरंगी आतिशबाजी व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर खुशियां मनाई जाएगी। चारों ओर विजयादशमी पर्व का आनंद व हर्ष और उल्लास छाया रहेगा। लोग एक- दूसरे को विजयादशमी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए नजर आएंगे।

## लेबर कालोनी में दशहरा उत्सव मनाया जाएगा

राजनांदगांव (दावा)। विजयदशमी के पावन पर्व पर स्थानीय लेबर कालोनी वार्ड नं. 16 दशहरा मैदान में रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

नवदुर्गा महिला समिति के अध्यक्ष श्रीमती संगीता मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 30 वर्षो से लेबर कालोनी में विजय दशमी के पावन अवसर पर अंहकार का स्वरूप रावण के पुतले का दहन किया जाता है। पिछले 2 वर्षो से इस कार्यक्रम का संचालन नवदुर्गा महिला समिति की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। इस वर्ष भी 30 फूट रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नागपुर की प्रसिद्ध आर्केस्ट्रा का संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महिला समिति ने नगरवासियों से इस कार्यक्रम में सपरिवार पहुंचकर आनन्द लेने के लिए पहुचने की अपील की है। इस आयोजन में भव्य आतिशबाजी भी की जाएगी। कार्यक्रम की सफलता के लिए श्रीमती संगीता मिश्रा, श्रीमती प्रतिमा मानिकपुरी, श्रीमती यशोदा मेहरा, श्रीमती अरूणा साहू, लीला मानिकपुरी, नीतू मानिकपुरी, सुनिता सेंगर, लता लखारिया, सरस्वती चंद्राकर, अर्पणा ओझा, जया श्रीवास्तव, रूपाली सहित सभी महिला समिति के सदस्य जुटे हुए है। उक्त जानकारी संगीता मिश्रा द्वारा दी गई।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने भंवरमरा में चलाया सदस्यता अभियान



राजनांदगांव (दावा)। संपूर्ण देश में भाजपा की पुरानी सदस्यता समाप्त कर नए सिरे से सदस्य बनाए जाने की कड़ी में जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा लगातार प्रयासरत है।

**मोर्चा के जिलाध्यक्ष इरफान शेख के नेतृत्व में चली मुहिम**

इसी कड़ी में ग्राम भंवरमरा में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। श्री शेख के नेतृत्व में चली अभियान के दौरान मोर्चा के अन्य सदस्य पदाधिकारीगण के अलावा गांव के प्रमुख लोग विशेष रूप से उपस्थित थे। मुहिम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाजपा के रीति नीति पर विश्वास करते हुए सदस्य बनना और बनाना मंजूर किया। भाजपा द्वारा चलाए जा रहे संगठन पर्व सदस्यता अभियान के परिपालन में ग्राम भंवरमरा में गत दिवस 10 अक्टूबर को अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा बूथ क्रमांक 153 व 154 में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया सदस्यता अभियान के दौरान गांव में मिले जैसे माहौल रहा।

ग्रामीणों ने अपने बारी-बारी से अपनी सदस्यता भाजपा के रूप में ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश पटेल, दक्षिण मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी, महामंत्री हकीम खान, गोलू गुप्ता, भाजयुमो दक्षिण मंडल अध्यक्ष भाई प्रखर श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मो. इरफ़ान शेख, महामत्री ज़हीर अब्बास, उपाध्यक्ष हेरि जोसेफ, असलम खान, मंडल अध्यक्ष नदीम बड़गुजर, सलीम कुरैशी, अफसर खान, भुरू बड़गुजर, अरशद अली, तबरेज खान, अहमद खान, बबलू साहू, ग्राम भवरमरा के बूथ क्रमांक 153 एवं 154 की सरपंच प्रेमलता साहू, पूर्व उप सरपंच दिलीप कुमार साहू, शक्ति केंद्र सहसंयोजक, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार साहू, बूथ अध्यक्ष मनीराम गुप्ता, भाजपा के सदस्य महेश साहू, रामकुमार साहू, भोलाराम साहू, माकन सोनकर, गिरवर साहू, राजेश यादव, सोहन सिंह, रामकुमार गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, राकेश साहू, कौशल साहू, अजय साहू, मिथिलेश देवांगन, गणपत मानिकपुरी, मोहनलाल साहू, पूर्व प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भंवरमरा कोमल साहू, ईश्वर सोनकर, उमेश साहू, छबील, दिलीप सिन्हा, संतराम विश्वकर्मा, पुखराज साहू, माखन सोनकर, सुजाता मानिकपुरी, सक्रीय कार्यकर्ता एवं ग्राम के समस्त भाजपा के सदस्य वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे। समवेत तौर से अल्पसंख्यक मोर्चा के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद थे ।

## महापौर ने नगरवासियों को दी विजयादशमी पर्व की बधाई

राजनांदगांव (दावा)। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने नागरिकों को विजयादशमी पर्व पर अपनी अनन्य शुभकामनाएं देते हुये कहा कि यह पर्व मानव मात्र को लोक कल्याण की भावना से जुड़ने की प्रेरणा देता है। महापौर श्रीमती देशमुख ने नागरिकों को भारतीय संस्कृति से जुड़े विजयादशमी, दशहरा पर्व की बधाई देते हुए इस पर्व को परंपरागत रूप से मनाने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। इस दिन शमीपूजन का भी विशेष महत्व है और यह पर्व वर्षा ऋतु की समाप्ति और शरद ऋतु के आरंभ का सूचक है। निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता, निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, नेताप्रतिपक्ष किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य मधुकर वंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, विनय झा, श्रीमती दुलारी बाई साहू, गणेश पवार, राजा तिवारी, श्रीमती बैना बाई टुरहाटे, अमीन हुद्दा, वरिष्ठ सभापति अब्दुल समद खान, कनिष्ठ सभापति गामेन्द्र नेताम, जिला योजना समिति के सदस्य सिद्धार्थ डोंगरे, अपील समिति के सदस्यों श्रीमती शकीला बेगम, श्रीमती मधु बैद, ऋषि शास्त्री एवं पार्षदों ने नागरिकों को इस प्रसंग पर अपनी शुभकामनाएं देते हुये बुराई का त्याग कर भगवान राम के आदर्शो पर चलने की अपील की है।

## रास गरबा उत्सव में सम्मानित हुए समाजसेवी, रंगारंग समापन के साथ पुरस्कृत हुए प्रतिभागी

राजनांदगांव (दावा)। समाज के अलग-अलग क्षेत्र में काम करने वाले समाजसेवियों को रास गरबा उत्सव में उनके श्रेष्ठ कामों के लिए सम्मानित किया गया है। उत्सव के अंतिम दिन बंगाली थीम पर आयोजित रास गरबा स्पर्धा की जबरदस्त धूम रही। कार्यक्रम के अंतिम दौर तक दर्शकों ने रास गरबा का आनंद लिया। वहीं रंगारंग समापन के साथ आयोजन में हिस्सा लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया है।



**पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सहित सपरिवार शामिल हुए अधिकारीगण, अंतिम दिन बंगाली थीम पर रास गरबा की रही धूम**

श्री राष्ट्रीय करणी सेना और पद्मावत महिला कल्याण समिति तथा श्री कृष्ण सांस्कृतिक महिला समिति के संयुक्त तत्वाधान में ऑडिटोरियम में आयोजित चार दिवसीय रास गरबा उत्सव का गुरुवार देर रात रंगारंग समापन हुआ। आयोजन की शुरुआत में सर्वप्रथम पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को राजपूताना शौर्य के प्रतीक साफा और तलवार देकर श्री राष्ट्रीय करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने स्वागत किया, इसके बाद बंगाली थीम पर आयोजित रास गरबा स्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें रोहिणी देशमुख, जया पटेल, लक्ष्य शर्मा, मोनिका ठाकुर, शारदा अग्रवाल, सार्थक अम्बादे, ईशानी शर्मा, शौर्य सोनी, रतिका सोनी, धर्मेन्द साहू, सुप्रिया, लक्ष्मी वासनिक, विश्रुति मिश्रा, अल्का राजपूत, स्वान्जिल सिंह, प्रमय सोनी ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति दी। चार दिन तक चले इस गरबा उत्सव में अलग-अलग थीम पर आयोजित स्पर्धा में विजेता रहे प्रतिभागियों को श्रीमती दीपाली झा, निकिता अग्रवाल, जागृति गर्ग, शीतल बंसल ने अपने हाथों से पुरस्कृत किया।

### राजपूत ने देश को जोड़ा-अभिषेक सिंह

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि राजपूत समाज ने हमेशा समाज के हितों में काम किया है। समाज ने देश को जोड़ने में कभी भी कोई कसर नहीं छोड़ी, इतिहास से लेकर आज तक राजपूत समाज केवल सामाजिक हितों के लिए ही काम करता आ रहा है। उन्होंने राजनांदगांव की छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा की महिला इकाई को भी समाज सेवा के कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए सम्मानित किया और उनके कामों की सराहना भी की। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग, विनोद गोस्वामी, अशोक पांडे, अशोक जैन, विजय बहादुर सिंह, अजय सोनी, सूरज यदु, नीरा साहू, विजेता यदु, पुष्पेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री कृष्णा समिति और दुर्गा समिति का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन शरद श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया है।

## राष्ट्रीय सीनियर भारोत्तोलन स्पर्धा में कु. ज्ञानेश्वरी यादव को मिला गोल्ड मेडल



राजनांदगाँव (दावा)। हिमाचल प्रदेश (नगरोटा बगवां कांगड़ा) खेलो इंडिया अकादमी नगरोटा बगवां में चल रही महिला पुरूष की राष्ट्रीय भारोत्तोलन (वेट लिफिटंग) चैम्पियनशीप स्पर्धा सब, जूनियर और सीनियर केटेगिरी में छत्तीसगढ़ राजनांदगाँव जिला जय भवानी व्यायाम शाला की वेट लिफ्टर इंडिया कैम्प पटियाला के अभ्यासरत् छत्तीसगढ़ प्रदेश से प्रतिनिधित्व करते हुए कु. ज्ञानेश्वरी यादव 49 कि.ग्रा. वर्ग समूह में सबको पीछे छोड़ स्वर्ण पदक अपने नाम की। प्रतियोगिता के संबंध में जिला भारोत्तोलन संघ व जय भावानी व्यायाम शाला के अध्यक्ष अमित अजमानी ने बताया कि, ज्ञानेश्वरी यादव 186 कि.ग्रा. वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता, उन्होंने स्नैच 82 कि.ग्रा. और क्लीन जर्क 104 कि.ग्रा. कुल वजन 186 कि.ग्रा. भार उठाई और गोल्ड मेडल पर कब्जा की।

आजमानी जी ने बताया कि इससे पहले ज्ञानेश्वरी यादव वर्ष 2023 में हुये कॉमन वेल्थ गेम्स में ज्ञानेश्वरी यादव ने 176 कि.ग्रा. भार उठाकर स्वर्ण पदक जीती थी। कु. ज्ञानेश्वरी यादव के स्वर्ण पदक जीतने पर उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जिला भारोत्तोलन संघ के संरक्षक अजय श्रीवास्तव, डोमन मोहबिया, नीलू शर्मा, जीतू मुदलियार अध्यक्ष अमीत आजमानी, सचिव अशोक श्रीवास, जय भावानी व्यायाम शाला के सचिव, शेख वसीन, सहसचिव नीरज शुक्ला, कोषाध्यक्ष बसंत मेगी, विवेक रंजन सोनी, उपाध्यक्ष, दीपक ठाकुर, मनोज यादव, चोवाराम सोनकर, आकाश सोनी, सह सचिव नाहिद अख्तर, रितेश घरड़े, अभिषेक आजमानी, तामेश्वर बंजारे, प्रेम कापसे, जय पटेल, नारायण लोहार, संघ व व्यायाम शाला के वरिष्ठ पदाधिकारी सदस्य दाऊद खान, जग्गु ठाकुर, रामा यादव, जय कुलदीप, नितिन शर्मा, नोमेन्द्र यादव, मनीष तिवारी, दिनेश राजपूत, सुखराम मेश्राम, गोलू यादव, गौकरण सोनकर, श्रीमती कोमल गुप्ता, श्रीमती सरला साहू, वैभव देवांगन, अरूण गुप्ता, रविन्द्र सुधाकार आदि सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामना प्रेषित किये है। यह जानकारी जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव अशोक श्रीवास ने दी।

## नवागांव-पुराना ढाबा में सैकड़ों ने ली भाजपा की सदस्यता-परवेज अहमद

**लगातार जारी रहेगा अभियान, जन-जन तक पहुंचने की कवायद**



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में चलाए जा रहे भाजपा के सदस्यता अभियान से लोग बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं। गांव-गांव में कैंप लगाकर ग्रामीणों को भाजपा की सदस्यता दिलाई जा रही है। अब तक तकरीबन एक दर्जन गांवों में इस अभियान से डेढ़ हजार से अधिक लोग जुड़े हैं। गुरुवार को इस महाअभियान के तहत निकाय के ग्रामीण वार्ड बजरंगपुर-नवागांव और पुराना ढाबा में भाजपा की विचारधारा से प्रेरित नागरिकों को ऑनलाईन सदस्यता दिलाई गई।

भाजपा नेता व प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष परवेज अहमद ने कहा कि, सदस्यता अभियान को व्यापक समर्थन मिल रहा है। नागरिकों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और भाजपा के सुशासन का बड़ा असर देखने को मिल रहा है। गुरुवार को बजरंगपुर-नवागांव और पुराना ढाबा में आयोजित सदस्यता कैंप में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल व मंडल अध्यक्ष अतुल रायजादा शामिल हुए। अतिथियों ने नए सदस्यों का स्वागत किया और साथ ही भाजपा की विचारधारा और उसका ध्येय साझा किया।

परवेज अहमद ने बताया कि, पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व सांसद संतोष पांडेय से कार्यकर्ताओं को लगातार मार्गदर्शन मिल रहा है। स्पीकर डॉ. रमन सिंह की मंशा है कि, राजनांदगांव जिले प्रदेश में सदस्यता अभियान के मामले में अव्वल हो। सभी मिलजुलकर इस लक्ष्य को पूरा करने में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार को सैकड़ों नागरिकों ने ऑनलाईन सदस्यता ग्रहण की है। सभी को तिलक कर उनका भाजपा में स्वागत किया गया, यह समर्थक पार्टी की नींव हैं।

इस दौरान बजरंगपुर-नवागांव में बूथ अध्यक्ष नोहरलाल साहू व पारस यादव, योगेश साहू, प्रभु देवांगन, पवन भारद्वाज, लेखचंद साहू मौजूद रहे। इसी तरह पुराना ढाबा में पूर्व पार्षद श्याम सुखदेवे, पवन निर्मलकर, पूनाराम, पूर्व पार्षद हीरालाल निर्मलकर, परदेशी बंधे, शैलेष बंधे, अंकित पटेल, देवानंद निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

## मिथिला महिला मंडल के द्वारा अनवरत रामायण पाठ



राजनांदगांव ( दावा )। मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर मोनी बाबा आश्रम में नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर मिथिला महिला मंडल के द्वारा अनवरत रामायण पाठ किया जा रहा है। आज नवमी के दिन रामायण पाठ का रात्रि के समय समापन किया जाएगा। आज सुबह शतचण्डी यज्ञ का समापन होगा।

## रतन टाटा अनुपम व्यक्तित्व अभिप्रेरिक कृतित्व के महाप्रादर्श - डॉ. द्विवेदी

राजनांदगांव (दावा)। अखिल विश्व में लोकप्रिय भारतीय उद्योग जगत के महान दिग्गज टाटा उद्योग समूह वर्षो तक शीर्ष पदस्थ रहे रतन नवल टाटा के आकस्मिक निधन पर नगर के विचारप्रज्ञ डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने अपनी गहन संवेदनाओं के साथ विनम्र श्रद्धांजलि अर्पण करते हुए चिंतन विमर्श में कहा कि भारतीय उद्योग की सूरत और सीरत बदलने वाले दृढ़ संकल्पी अनुशासन प्रिय, शांत स्वभाव, विनम्रता और सादगी जैसे सदगुणों के सहज प्रतिबिम्ब रतन टाटा द्वारा स्थापित महत्तम शिक्षा, संस्था स्वास्थ्य सेवा केन्द्र, ग्रामीण विकास संस्थान एवं सामाजिक उत्थान की अनेक परियोजनाएं उनकी महान उपलब्धियों में गिनी जाती है।



उल्लेखनीय है समग्र देश-धरती को कारोबार से परोपकार जैसी बड़ी सीख देने वाले रतन टाटा जी सहज-सरल रूप में अनुपम व्यक्तित्व और अभिप्रेरक कृतित्व के महाप्रादर्श थे। आगे डॉ. द्विवेदी ने विशेष रूप से बताया अपने बाल्यकाल से परिवार की बड़ी बुजुर्ग अपनी दादीश्री के वात्सल्य पूर्ण लालन-पालन और संरक्षण में बड़े हुए रतन जी उच्च शिक्षित भारतीय मूल्यों को मंशा-वाचा-कर्मणा से धारण और अभिपालन करने में विश्वास रखने वाले अनूठे महामानव हुए। राष्ट्र निर्माण में अपनी पैसठ प्रतिशत संपत्ति संमर्पित करने वाले, कोरोना काल में 1500 करोड़ का विशाल दान करने वाले रतन टाटा ने ही आम देशवासियों को लकटकिया नैनो कार तथा टाटा उद्योग समूह के विदेशों में न केवल विस्तारित किया बल्कि संपूर्ण उद्योग जगत में टाटा उद्योग समूह को विशेष पहचान देकर कार्पोरेट जिम्मेदारी को ही विशेष रूप से परिभाषित करते हुए बताया कि व्यवसायों को व्यापक भलाई के लिए ही होना चाहिए इसीलिए संपूर्ण जगत के लोग हृदय से बोलते हैं कि रतन टाटा जैसा कोई नहीं।

उद्योग जगत के अनमोल रत्न रतन टाटा जी की विशुद्ध राष्ट्रव्यापी सोच, दयालूता, दूररसता पूर्ण, नेतृत्व क्षमता तथा राष्ट्रहित ही सर्वोपरि, की सर्वश्रेष्ठ अवधारणा को वर्तमान एवं भविष्य की पीढियां वर्षो-बरस तक स्मृत कर प्रेरित होती रहेंगी। आइये माँ भारती के महा उद्यमी सपूत को श्रेष्ठ-सार्थक अर्थो में श्रद्धासुमन अर्पित करें और अपने सर्वकर्म कार्य देशहित में ही करें।

## भाजपा सदस्यता अभियान को मिला जबरदस्त समर्थन-दीपक चौहान



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के झुग्गी झोपडी के पूर्व संयोजक व नगर निगम के पूर्व पार्षद दीपक चौहान ने आज राजनांदगांव शहर के जय स्तम्भ चौक में भाजपा सदस्यता अभियान का सफल आयोजन किया। इस अभियान के दौरान सैकड़ों की संख्या में नए सदस्य पार्टी में शामिल हुए, जिससे भाजपा के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास की पुष्टि होती है।

दीपक चौहान ने इस अवसर पर कहा, भाजपा की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास की दिशा ने जनता को प्रेरित किया है। यह सदस्यता अभियान लोगों को सीधे तौर पर पार्टी से जोड़ने का एक माध्यम है, और हमें गर्व है कि राजनांदगांव की जनता का इतना उत्साहजनक समर्थन मिला। अभियान के दौरान क्षेत्रवासियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और भाजपा की नीतियों और विकास कार्यों की सराहना की। स्थानीय युवाओं ने विशेष रूप से इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे स्पष्ट होता है कि भाजपा की विचारधारा युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है।

भाजपा द्वारा आयोजित इस सदस्यता अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़कर राष्ट्र निर्माण में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करना है। आने वाले समय में ऐसे और भी अभियान चलाए जाने की योजना बनाई जा रही है।

## अनमोल दावा

> जैसे हर रास्ते पर कुछ न कुछ परेशानी होती है, वैसे ही हर परेशानी का कुछ न कुछ रास्ता होता है...।

## राजनीतिक हवा बदलने वाले चुनाव, कांग्रेस की स्थिति कमजोर; भाजपा को नई ऊर्जा

इन नतीजों से भाजपा को नई ऊर्जा मिलेगी कि लोकसभा चुनाव एक तात्कालिक झटका था न कि उसके निरंतर पराभव की शुरुआत। हालांकि भाजपा को किसी भी प्रकार का अति-आत्मविश्वास भारी पड़ सकता है। इन चुनावों में सभी राजनीतिक दलों के लिए एक संदेश यह भी निहित है कि प्रत्येक चुनाव की प्रकृति एवं स्वरूप अलग होता है और उसके लिए तैयारी भी उसी अनुरूप होनी चाहिए।

मंगलवार को आए जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे कुछ अप्रत्याशित एवं स्तब्ध करने वाले रहे। ऐसा इसलिए, क्योंकि जहां जम्मू-कश्मीर में यह माना जा रहा था कि वहां किसी पार्टी या गठबंधन को पूर्ण बहुमत नहीं मिलेगा और विधानसभा का स्वरूप त्रिशुंक हो सकता है, वहीं हरियाणा में कांग्रेस की जीत बहुत आसान लग रही थी।कई राजनीतिक पंडितों से लेकर एक्जिट पोल भी इसी ओर संकेत कर रहे थे, लेकिन मतगणना के दिन कहानी पलट गई।जहां पूर्ण राज्य का दर्जा समाप्त होने के बाद पहली बार हुए जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनावों में नेशनल कांफ्रेंस यानी नेकां और कांग्रेस गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिल गया वहीं हरियाणा में भाजपा ने एक तरह से हारी हुई बाजी पलट कर इतिहास रच दिया।अपनी स्थापना के बाद से हरियाणा में लगातार तीसरी बार कोई सरकार सत्ता में वापसी नहीं कर पाई और राज्य के तमाम समीकरणों को धता बताते हुए भाजपा ऐसा झंडा गाड़ने में कामयाब रही है। चुनाव नतीजों की पड़ताल से पहला बिंदु यही उभरता है कि लोकसभा चुनाव में अपेक्षा से कुछ अधिक सफलता मिलने पर कांग्रेस जहां अति-आत्मविश्वास की शिकार हो गई, वहीं भाजपा ने संसदीय चुनाव में अपेक्षाकृत सफलता न मिलने के बाद अपनी कमियों को चिह्नित कर उन्हें सुधारने की दिशा में काम किया।कांग्रेस किसान-जवान और पहलवान से जुड़े अपने अभियान से बने माहौल के भरोसे रही तो भाजपा ने अपनी महीन रणनीति से प्रतिकूल परिस्थितियों को ही पलट दिया। पार्टी के भीतर उपजे ऊहापोह, असंतोष और अनिश्चितताओं को कांग्रेस दूर नहीं कर पाई, तो भाजपा ने एकजुट होकर सोशल इंजीनियरिंग के समीकरणों को दुरुस्त करते हुए माइक्रो मैनेजमेंट के जरिये बाजी अपने नाम की। कांग्रेस जिस जाट वोट बैंक को अपनी ताकत मानकर चल रही थी, भाजपा ने उसे ही कांग्रेस की कमजोरी बना दिया। अखाड़ा तो कांग्रेस ने सजाया था, लेकिन जीत का सेहरा भाजपा के सिर बंधा।इस जनादेश से उसी रुझान की पुरजोर पुष्टि हुई, जो लोकसभा चुनावों के समय भी दिखा था और वह यह कि देश की राजनीति अब दो-ध्रुवीय अधिक होती जा रही है, जिसमें मुख्य रूप से दो दलों या गठबंधनों के बीच ही मुकाबला देखने को मिल रहा है और तीसरे मोर्चे के लिए गुंजाइश सिकुड़ती जा रही है। लोकसभा चुनावों में भी जो दल राजग या आईएनडीआईए का हिस्सा नहीं थे, उनकी सफलता बहुत सीमित रही।जम्मू-कश्मीर एवं हरियाणा विधानसभा चुनावों में भी यही सामने आया। जम्मू-कश्मीर में दस साल पहले हुए विधानसभा चुनावों में सबसे बड़ा दल रही महबूबा मुफ्ती की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी यानी पीडीपी महज तीन सीटों पर सिमट गई और पार्टी की परंपरागत सीट से इल्तिजा मुफ्ती तक चुनाव हार गईं। इसी तरह इंजीनियर राशिद और अन्य छोटी पार्टियों के हिस्से भी सफलता नहीं आई।

गौर से देखें तो कांग्रेस का प्रदर्शन भी पिछली बार से खराब है, लेकिन गठबंधन की वजह से वह सत्ता में साझेदार रहेगी। हरियाणा के पिछले चुनाव में दस सीटों के साथ किंगमेकर बनकर उभरी जननायक जनता पार्टी यानी जजपा का इस बार खाता भी नहीं खुल पाया। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला तक की जमानत जब्त हो गई और वह दस हजार वोट नहीं हासिल कर पाए। चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी के साथ गठबंधन भी उनके लिए किसी काम का नहीं रहा।उनके परिवार से जुड़ी इनेलो की हालत भी पस्त रही और पार्टी के मुखिया अभय चौटाला भी चुनाव हार गए। हालांकि किसी तरह पार्टी की झोली में दो सीटें आईं। इनेलो ने इस चुनाव में बसपा के साथ गठबंधन किया था। हालांकि हरियाणा में प्रमुख दलों के बागी इक्का-दुक्का सीटों पर जीत गए, पर उन्होंने भी जीतने के बाद भाजपा को समर्थन दे दिया है। इससे राज्य में भाजपा का आंकड़ा 51 तक पहुंच गया।इसमें कोई संदेह नहीं कि दोनों राज्यों के चुनावी नतीजों का असर आगामी विधानसभा चुनावों पर पड़ेगा। आईएनडीआईए में कांग्रेस की स्थिति कमजोर होने के साथ ही सियासी मोलभाव की उसकी ताकत घटेगी। इसके संकेत भी दिखने लगे हैं। नतीजों के अगले दिन ही समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनावों के लिए अपने प्रत्याशियों की सूची जारी करके तो महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने जुबानी तीर चलाकर कांग्रेस को संदेश देने शुरू कर दिए।यहां तक कि जम्मू-कश्मीर में साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाले उमर अब्दुल्ला ने भी यह कहकर कांग्रेस को आईना दिखाया कि उसने जो सीटें जीती हैं, वे उनकी पार्टी आसानी से जीत सकती थी। स्वाभाविक है कि कांग्रेस को गठबंधन के समीकरण दुरुस्त करने होंगे, क्योंकि उसके सहयोगियों को यह लगता है कि वह उनकी परवाह उन्हीं राज्यों में करती है, जहां वह कमजोर होती है। हरियाणा चुनाव कांग्रेस के लिए अपनी स्थिति को मजबूत करने का एक बढ़िया मौका था, जो उसने गंवा दिया। परिणामस्वरूप, लोकसभा में महाराष्ट्र में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उसने जो बढ़त बनाई थी, उस पर अब शिवसेना-यूबीटी और शरद पवार की पार्टी हावी होने का प्रयास करेगी तो झारखंड में वह पहले से ही झामुमो की पिछलग्गू पार्टी है। दूसरी ओर भाजपा के लिए ये नतीजे संबल देने वाले और उसका आत्मविश्वास बढ़ाएंगे जो लोकसभा के अप्रत्याशित नतीजों के बाद डांवाडोल होता दिख रहा था।

# दशहरा शक्ति की साधना, कर्म एवं नवसृजन का पर्व

-ललित गर्ग-



भारतीय त्योहार एवं मेले जहां संस्कृति के अभिन्न अंग हैं वहीं प्रेरणाओं से भी जुड़े हैं। एक ऐसा ही अनूठा पर्व है दशहरा। भारत के लगभग सभी भागों में दशहरे का पर्व एक महान् उत्सव के रूप में मनाया जाता है, जिसे विजयदशमी भी कहा जाता है। यह पर्व बुराइयों से संघर्ष का प्रतीक पर्व है, यह पर्व देश की सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रीयता को नवऊर्जा देने का भी पर्व है। आज भी अंधेरों से संघर्ष करने के लिये इस प्रेरक एवं प्रेरणादायी पर्व की संस्कृति को जीवंत बनाने की जरूरत है। बहुत कठिन है यह बुराइयों से संघर्ष करने का सफर। बहुत कठिन है तेजस्विता की यह साधना। बहुत जटिल है स्व-अस्तित्व एवं स्व-पहचान को ऊंच शिखर देना। आखिर कैसे संघर्ष करें घर में छिपी बुराइयों से, जब हर घर आंगण में रावण-ही-रावण पैदा हो रहे हो, चाहे भ्रष्टाचार के रूप में हो, चाहे राजनीतिक अपराधीकरण के रूप में, चाहे साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने वालों के रूप में हो, चाहे राष्ट्र को तोड़ने वाले आतंकवाद के रूप में हो, चाहे शिक्षा, चिकित्सा एवं न्याय को व्यापार बनाने वालों के रूप में। यह उत्सव प्रतिवर्ष मनाते हुए जहां शक्ति की कामना की जाती है, वहीं राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों की ओर ध्यान खींचा जाता है। इससे नई प्रेरणा, नई ताजगी, नई शक्ति एवं नई दिशाएं मिलती है।

दशहरा भारत का 'राष्ट्रीय त्योहार' है। रामलीला में जगह-जगह रावण वध का प्रदर्शन होता है। क्षत्रियों के यहाँ शस्त्र की पूजा होती है। ब्रज के मन्दिरों में इस दिन विशेष दर्शन होते हैं। इस दिन नीलकंठ का दर्शन बहुत शुभ माना जाता है। यह त्योहार क्षत्रियों का माना जाता है। इसमें अपराजिता देवी की पूजा होती है। यह पूजन भी सर्वसुख देने वाला है। दशहरा या विजयादशमी नवरात्रि के बाद दसवें दिन मनाया जाता है। भगवान श्रीराम शक्ति की देवी मां दुर्गा के भक्त थे, उन्होंने युद्ध के दौरान पहले नौ दिनों तक मां दुर्गा की पूजा की, इसके बाद भाई लक्ष्मण, भक्त हनुमान, और बंदरों की सेना के साथ एक बड़ा युद्ध लड़कर दसवें दिन दुष्ट रावण का वध किया। सीता को छुड़ाया। इसलिए विजयादशमी बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अंधकार पर प्रकाश का एक बहुत ही प्रेरणा का पर्व है। इस दिन रावण, उसके भाई कुम्भकर्ण और पुत्र मेघनाद के पुतले खुली जगह में जलाए जाते हैं।



दशहरा पर्व कृषि उत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। भारत कृषि प्रधान देश है। जब किसान अपने खेत में सुनहरी फसल उगाकर अनाज रूपी संपत्ति घर लाता है तो उसके उल्लास और उमंग का पारावार नहीं रहता। महाराष्ट्र में इस अवसर पर सिलंगण के नाम से सामाजिक महोत्सव के रूप में भी इसको मनाया जाता है। भारत के अतिरिक्त अन्य देशों में भी राजाओं के युद्ध प्रयाण के लिए यही ऋतु निश्चित एवं सर्वाधिक अनुकूल थी। शमी पूजा भी प्राचीन है। वैदिक यज्ञों के लिए शमी वृक्ष में उगे अश्वत्थ (पीपल) की दो टहनियों (अरणियों) से अग्नि उत्पन्न की जाती थी। अग्नि शक्ति एवं साहस की द्योतक है, शमी की लकड़ी के कुंदे अग्नि उत्पत्ति में सहायक होते हैं। जहाँ अग्नि एवं शमी की पवित्रता एवं उपयोगिता की ओर मंत्रसिक्त संकेत हैं। इस उत्सव का सम्बंध नवरात्र से भी है क्योंकि इसमें महिषासुर के विरोध में देवी के साहसपूर्ण कृत्यों का भी उल्लेख होता है और नवरात्र के उपरांत ही यह उत्सव होता है।

दशहरा शक्ति की साधना, कर्म एवं पूजा का भी पर्व है। इसी दिन लोग नया कार्य प्रारम्भ करते हैं, शस्त्र-पूजा की जाती है। प्राचीन काल में राजा लोग इस दिन विजय की प्रार्थना कर रण-यात्रा के लिए प्रस्थान करते थे। भगवान श्रीराम की विजय के रूप में मनाया जाए अथवा दुर्गा पूजा के रूप में, दोनों ही रूपों में यह शक्ति-पूजा का पर्व है, शस्त्र पूजन की तिथि है। दशहरा का पर्व दस प्रकार के पापों- काम, क्रोध, लोभ, मोह मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी के परित्याग की सद्प्रेरणा प्रदान करता है। आज दशहरा का पर्व मनाते हुए सबसे बड़ी जरूरत भीतर के रावण को जलाने की है। क्योंकि ईमानदार प्रयत्नों का सफर कैसे बड़े आगे जब शुरूआत में ही लगने लगे कि जो काम मैं अब तक नहीं कर सका, भला दूसरों को भी हम कैसे करने दें? कितना बौना चिन्तन है आदमी के मन का कि मैं तो बुरा हूं ही पर दूसरा भी कोई अच्छा न बने। इस बौने चिन्तन के रावण को जलाना जरूरी है।

दशहरे का सांस्कृतिक पहलू भी है। यह देश की सांस्कृतिक एकता और अखण्डता को जोड़ने का पर्व भी है। इस वर्ष का विजयादशमी पर्व इसलिये विशेष है, क्योंकि इस पर्व की सकारात्मक क्रांतिकारी ऊर्जा से न केवल राष्ट्र में सक्रिय नकारात्मक एवं अराष्ट्रीय ताकतों को सख्त संदेश दिया जाना है बल्कि पडौसी पाकिस्तान-चीन आदि देशों की कुचेष्टाओं के लिये ललकारा एवं सावधान भी किया जाना है। आजादी के अमृत काल में राष्ट्र को शताब्दी वर्ष के लिये सशक्त किया जाना है। मूलभूत आस्थाओं एवं राष्ट्रीयता के दृढ़ीकरण के साथ देश में जो नई चेतना आई है, वह एक शक्तिशाली नेतृत्व का जीवंत साक्ष्य है। राष्ट्रीयता, स्व-पहचान, स्वदेशी-भावना, हिन्दू-संस्कृति के ऊर्जा के अक्षय स्रोतों की खोज में जो प्रयत्न किया जा रहा है, वह अभूतपूर्व है। जन-आकांक्षा के अनुरूप राष्ट्र को जिस युगीन परिवेश में प्रस्तुति दी जा रही है, वह असाधारण है।

दशहरा शक्ति की साधना, कर्म, नवसृजन एवं पूजा का भी पर्व है। पिछले आठ दशकों में लगातार हिन्दू-संस्कृति को कमजोर करने की राजनीतिक चालें होती रही है। दरअसल हिन्दू धर्म नहीं, विचार है, संस्कृति है। हिन्दू राष्ट्र होने का अर्थ धर्म से न होकर हिन्दू संस्कृति के सर्वग्राही भाव से है। हिन्दू संस्कृति उदारता का अन्तर्निहित शंखनाद है क्योंकि पूरे विश्व में यह अकेली संस्कृति है जो बहुविचारवाद यानी सभी धर्म, विचार एवं संस्कृतियों को स्वयं में समेटे हैं। चार्वाक जैसे भौतिकवादी विचारक को भी इस देश ने ऋषि की उपाधि दी गई जिसने कहा था कि 'ऋणं कृत्व घृतं पीवेत' अर्थात जो भी है वह आज है, कल किसने देखा है इसलिए आज को भरपूर ढंग से जीना चाहिए और कर्जा लेकर भी अगर यह करना पड़ता करना चाहिए। इसके साथ ही हमारे ऋषियों ने हमें यह उपदेश भी दिया कि 'सत्यं बूर्यात न बूर्यात सत्यं अप्रियं' अर्थात सच बोलो मगर कड़वा सच मत बोलो।

हिन्दू संस्कृति की यही महानता और विशेषता रही है कि प्रिय सत्य की वकालत तो करती है मगर इसके कटु होने पर निषेध करने को भी कहती है। यह हिन्दू संस्कृति अहिंसा की संस्कृति है पर जरूरत पड़ने पर शस्त्र उठाकर स्व-रक्षा की बात भी कहती है। हिन्दू शब्द से ही स्वराष्ट्र का बोध होता है जो कि हिन्दू संस्कृति के वृहद स्वरूप का ही सौपान है। इसी विचारधारा को बल देने का सशक्त माध्यम है विजयादशमी पर्व। मराठा रत्न शिवाजी ने भी औरंगजेब के विरुद्ध इसी दिन प्रस्थान करके हिन्दू धर्म का रक्षण किया था। भारतीय इतिहास में अनेक उदाहरण हैं जब हिन्दू राजा इस दिन विजय-प्रस्थान करते थे। ऐसा माना गया है कि शत्रु पर विजय पाने के लिए इसी समय प्रस्थान करना चाहिए। इस दिन श्रवण नक्षत्र का योग और भी अधिक शुभ माना गया है। स्कंदपुराण के अनुसार गंगा दशहरे के दिन व्यक्ति को किसी भी पवित्र नदी पर जाकर स्नान, ध्यान तथा दान करना चाहिए। इससे वह अपने सभी पापों से मुक्ति पाता है। इस गंगा दशहरे पर स्वयं को पापों को धोने के साथ-साथ जरूरत जन-जन के मनों को भी मांजने की है। जरूरत उन अंधेरी गलियों को बुहारने की है ताकि बाद में आने वाली पीढ़ी कभी अपने लक्ष्य से न भटक जाये। जरूरत है सत्य की तलाश शुरू करने की जहां न तर्क हो, न सन्देह हो, न जल्दबाजी हो, न ऊहापोह हो, न स्वार्थों का सौदा हो और न दिमागी बैशाखियों का सहारा हो। वहां हम स्वयं सत्य खोजें।

मनुष्य मनुष्य को जोड़े। दशहरा एक चुनौती बनना चाहिए उन लोगों के लिये जो अकर्मण्य, आलसी, निठल्ले, हताश, सत्वहीन बनकर सिर्फ सफलता की ऊंचाइयों के सपने देखते हैं पर अपनी दुर्बलताओं को मिटाकर नयी जीवनशैली की शुरूआत का संकल्प नहीं स्वीकारते। दशहरे का उत्सव धर्म की रक्षा,शक्ति का प्रदर्शन और शक्ति का समन्वय का प्रतीक है। इसके अलावा दशहरा नकारात्मक शक्तियों के ऊपर सकारात्मक शक्तियों के जीत का प्रतीक है।

ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई पी एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोनः 22727486, 9811051133

# मन में बसे हैं राम - 285 : श्री राम निकल पड़े हैं भवन से श्री राम जहां होंगे, वहां होगी उनकी संपूर्ण विजय

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

### विचार सरिता



माता सुमित्रा ने लक्ष्मण जी का हाथ श्री राम के हाथ में देते हुए कहा, ''राम! यह तुम दोनों के साथ रहकर तुम लोगों की सेवा करेगा।सब ओर से लक्ष्मण की रक्षा करना और एक ज्येष्ठ भ्राता तथा गुरु की तरह पग - पग पर इसका मार्गदर्शन करना पुत्र!''

श्री राम ने कहा, ''जी माता! लक्ष्मण और सीता की रक्षा और उनके जीवन में सदैव सुख और प्रसन्नता मेरे दायित्व होंगे। आप निश्चिंत रहें। मैं इन दोनों के साथ 14 वर्षों की वनवास अवधि पूरी कर शीघ्र ही अयोध्या लौट आऊंगा।''

महाराज दशरथ शय्या में थे लेकिन पुत्रों और पुत्रवधू को विदा करने के लिए वे शय्या से एक आसन पर कठिनाईपूर्वक आकर बैठ गए।आखिर ऐसा निर्णय एक राजा की ओर से लिया हुआ माना जाने वाला था। उन्होंने अपना हृदय कड़ा करते हुए इस स्थिति का सामना करने का प्रयत्न किया।श्री राम, सीता और लक्ष्मण जी ने अपने पिता के बाद माता कौशल्या, माता सुमित्रा और माता कैकेई को प्रणाम कर उनसे आशीर्वाद लिया तथा गुरु वशिष्ठ को दंडवत प्रणाम किया।

माता कौशल्या ने श्री राम से कहा, ''पुत्र! जब तक तुम अयोध्या राज्य की सीमा के भीतर हो, तब तक तुम पर वन के कठोर नियम लागू नहीं होते हैं।''

''उचित कह रही हो कौशल्या! पुत्रों को वल्कल में देखकर मुझे एक क्षण को दृष्टि भ्रम हुआ था कि उनके सिर पर जटा है। यह अच्छा ही है कि ऐसा नहीं है. इन दोनों ने अभी तपस्वियों का पूर्ण वेश धारण नहीं किया है,अन्यथा मैं उन्हें इस रूप में स्वीकार नहीं कर पाता। इन वल्कलों को भी धारण करने की आवश्यकता नहीं थी, मगर इस चिर असंतुष्ट कैकेई ने पूरी तरह से मेरे हृदय को छलनी करने का संकल्प लिया हुआ है।'' राजा दशरथ ने फिर अत्यंत दुख और निराशा के स्वर में कहा।

''जो आज्ञा पिताजी! मैं अयोध्या की सीमा में रहने तक वनवास के अन्य कठोर नियमों का पालन प्रारंभ नहीं करूंगा। अब मुझे प्रस्थान की आज्ञा दीजिए।'' श्री राम ने विनीत स्वर में हाथ जोड़कर अपने पिता से कहा।

''चिरंजीवी भवः पुत्र! विधाता ने इससे अधिक मुझे कुछ कहने के लिए नहीं रख छोड़ा है।जल्दी लौट आना पुत्र, मैं तुम्हारी प्रतीक्षा करता रहूंगा।'' ऐसा कहकर अपने आंसुओं पर नियंत्रण पाने का प्रयास करते हुए राजा दशरथ ने थोड़ी देर के लिए अपनी आंखें बंद कर लीं। वे अपने पुत्रों और पुत्रवधू को स्वयं से दूर जाते हुए नहीं देखना चाहते थे।

श्री राम ने पुनः अपने पिता, माताओं और गुरु वशिष्ठ की ओर देखते हुए अपने हाथ जोड़े और निःशब्द होकर भारी मन से पीछे की ओर मुड़े तथा राजप्रासाद के बाहर खड़े रथ की ओर प्रस्थान किया। सीता जी और लक्ष्मण जी ने उनका अनुसरण किया। सुमंत जी भी उनके साथ चल पड़े।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

### (प्रदीप छंद)

## रामराज्य आएगा कैसे

भूल राष्ट्रहित, लिप्त हुए हों, मानव निज कल्यान में,
खींचातानी मची हुई हो, जनता और प्रधान में,
गैर हितैषी, भ्रात शत्रु का, भाव भरे हों प्रान में,
राम-राज्य आएगा तो फिर, कैसे हिंदुस्तान में।।
मानव जब मानव का ही, देख प्रगति जलने लगें,
छोटी-छोटी बातों पर वे आपस में लड़ने लगें;
दया-धर्म विस्मृत हो जाये, केवल धन हो ध्यान में,
राम-राज्य आएगा तो फिर, कैसे हिंदुस्तान में।।
ह्रास आचरण में आ जाये, बढ़ने लगे विलासिता,
शरणागत हों वृद्धाश्रम में, जाकर के माता-पिता,
माँस-सुरा का मोल बड़े जब, पहुना के सम्मान में,
राम-राज्य आएगा तो फिर, कैसे हिंदुस्तान में।।
चोर-लुटेरे आदर पाये, धर्मनिष्ठ दर-दर फिरे,
पापी का सीना हो चौड़ा, सत आरोपों से घिरे;
लिप्त रहेंगे मानवगण जब, ढोंगी के गुणगान में,
राम-राज्य आएगा तो फिर, कैसे हिंदुस्तान में।।
त्याग भरत-सा करने वाला, नजर नहीं आता कहीं,
लक्ष्मण जैसा भाई का बल, बना हुआ दिखता नहीं,
दानी नहीं रहा जो दे दे, हरिश्चंद्र-सा दान में,
राम-राज्य आएगा तो फिर, कैसे हिंदुस्तान में।।
जिस दिन जीवों की पीड़ा को मानव अपना मानेगा,
त्याग बुराई, सच्चाई के पथ पर चलना ठानेगा,
देव नजर आएगा जिस दिन, जब सारे इंसान में,
राम-राज्य आएगा उस दिन सचमुच हिंदुस्तान में।।

*रामकुमार चन्द्रवंशी, बेलरगोंदी (छुरिया) मो. 9179798316*

### सामयिक चर्चा

## रावण के न मरने का कारण

बानी पौत्र बंटी अब छोटा नहीं है।
बारहवीं में पढ़ने लगा है।
तो वह अब ऐसे-ऐसे
प्रश्न करने लगा है,
जिसे सुनकर बानी बाबू
निरूत्तर हो जाते है।
क्या उत्तर दें
कुछ समझ नहीं पाते हैं।
आज उन्होंने बन्टी से कही-
''देखो! गज्जू दादा शाम को जब
हमारे घर आएंगे,
उनसे पूछा, वे तुम्हे उत्तर बताएंगे।
गजाधर के घर आने पर
बन्टी ने पूछा- ''दादाजी! हम लोग
हर साल रावण मारते है
पर वे कैसे जी जाते हैं
और फिर मरने यहॉं चले आते है?
वे मरते क्यों नहीं?''
गजाधर मुस्कराए बोले-'बन्टी!
हम इसका कारण बताते हे
रावण, हर बात के इस दिखावटी जमाने में,
और इस मिलावटी जमाने में,
बिलकुल जीना नहीं चाहते है।
दरअसल वे मरने का मन्नत मांगते हैं।
पर हमारे अनेक प्रकार के लालच
उन्हें मरने नहीं देते हैं।
तो हम बड़े जोर-शोर से एक दिन
रावण को मारने का नाटक कर लेते हैं।''
फिर मगन मन घर चले आते है।
हॉं! पुतले के रावण तो जल जाते हैं,
पर असली रावण, मर नहीं पाते हैं।



गिरीश बख्शी

### कविता

## फिर रावण दहन

हे रावण, राक्षस, तुम राजा, ब्राह्मण,
दो हाथ पैर दस सिर वाला दशानन।
इस महंगाई के दौर में कोई भेजिए ना,
बिना ईंधन चलने वाला पुष्पक यान।
भारत से श्रीलंका तक उड़कर जाते हम,
घुम आते अशोक वाटिका सुंदर कानन।
विजियादशमी दशहरा के दिन तुझको,
करते हैं लोग किस भाव पूर्वक से स्मरण।
देखो ना हर बार अशुद्धि फैला देते हैं लोग,
नहीं हो पाता तेरा तिजनहावन दशकरम।
कितनों बहन बेटियों की अस्मत लूटी जाती हैं,
नहीं जलाए जिसने किया था स्त्री का चीरहरण।
नारी होती रही है कुपित, दिए अग्नि परीक्षाएं,
और ना जाने कितनों का हुए हैं यहाँ अपहरण।
तेरे बेजान पुतले में ऐसा बसा हीड्ड क्या है?
जिसे लोग करते रहे हैं हर वर्ष को दहन।
तू पराक्रमी, शिवप्रिय, राक्षस, राजा, ब्राह्मण,
तेरे जलने से हो जाता हो शायद धर्म टनाटन।
तेरे सुप्त गाथा को दोहराने से होता है क्या?
देश के शोषण, अत्याचार में कोई बड़ा परिवर्तन ।
भूत, भविष्य, वर्तमान, में रहकर अबड्ड सब,
अच्छा से कर लें अध्ययन चिंतन और मनन।
खाली मनोरंजन का मुखौटा उतार दीजिए साब,
सत्य निष्ठा से सुधार लें सब अपना आचरण।
नारियों के प्रति सच्चे सद्भावना तो जगाइए,
लें संकल्प ना हो कभी फिर कोई रावण दहन।



मदन मंडावी
ढारा, डोंगरगढ़,
छत्तीसगढ़


## राशिफल



**मेष**
आज किसी रुके हुए कार्य को पूरा करने में बड़ों की सलाह लेना उचित रहेगा। नवविवाहित लोगों के जीवन में खुशियों का आगमन होगा। युवाओं के लिए सफलता के नए दरवाजे खुलेंगे। आपको बच्चों के साथ कुछ समय बिताने का मौका मिलेगा, जिससे वे बहुत खुश होंगे। लवमेट के रिश्ते में और मधुरता बढ़ेगी।



**वृषभ**
आज आपका मन आनंदित रहेगा। जो लोग स्टेशनरी का कार्य करते हैं, उनको आज उम्मीद से अधिक लाभ होने वाला है। पिता जी आपको आज कोई जरूरत का सामान गिफ्ट करेंगे। आज आपको स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। आज आपका दिन बडें बुजुर्गों के साथ बीतेगा।



**मिथुन**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी, आज लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। छोटे स्तर पर व्यापार करने वालों को बड़ा लाभ होगा। लवमेट के लिए आज का दिन रिश्तों में मिठास बढ़ाने वाला रहेगा।



**कर्क**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको संभलकर फैसले लेने की जरूरत है। अगर आप खुद का बिजनेस करते हैं, तो आपको किसी से भी बात करते समय अपने शब्दों पर ध्यान देना चाहिए। आपको किसी काम में भाई का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।




**सिंह**
आज के दिन आप हर तरह से चिंता मुक्त रहेंगे। महिलाओं के लिए दिन बड़ा ही अच्छा रहेगा। कॉमर्स फील्ड से जुड़े छात्रों को कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। नौकरी कर रहे लोगों का आज पदोन्नति होने के योग बने हुए हैं। आज आपको व्यापार में आर्थिक लाभ होने की सम्भावना है।



**कन्या**
आज हर कोई आपके साथ चलने की कोशिश करेगा। जो लोग कोर्ट-कचहरी के मामलो से जुड़े हैं, उनके कार्य आज समय से पूरे हो जाएंगे। आपको ऑफिस में मिले नये प्रोजेक्ट को पूरा करने में जूनियर्स का सहयोग मिलेगा। आज घर पर किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करेंगे।



**तुला**
आज आपके रूके हुए जरूरी काम समय से पूरे हो जाएंगे। जो लोग थियेटर से जुड़े हैं, उन्हें आज सुनहरे अवसर मिलने वाले है। राजनीति से जुड़े लोगों को आज नई जिम्मेदारी मिलने वाली हैं। आज आपके दाम्पत्य रिश्तें में मधुरता आयेगी। जो लोग नौकरी कर रहें हैं, उनके प्रमोशन होने के योग बने हुए हैं।




**वृश्चिक**
आज पूरे दिन आपके मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। अगर आप कोई नया करोबार शुरू करने के बारे में सोच रहे हैं, तो परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। आज आपका ध्यान किसी घरेलू कार्य को पूरा करने पर लगेगा। आज आपको घर के बुजुर्गों के सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है।




**धनु**
आज आपको जीवन में नया मुकाम प्राप्त होगा। जो लोग फैशन डिजाइनर हैं, आज उनके दिमाग में अच्छे क्रिएटिव थॉट आयेंगे। आज आपके द्वारा किये गए सामाजिक कामों की तारीफ होगी। ट्रांसपोर्ट के कार्यों से जुड़े लोगों को मुनाफा होगा। दाम्पत्य जीवन में चल रही नोक-झोंक आज समाप्त हो जायेगी।



**मकर**
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। जो लोग बिजनेसमैन हैं, उन्हें आज किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। अगर लम्बे समय से किसी बात को लेकर परेशान हैं तो उसे जीवनसाथी के साथ शेयर करे, मन को शांति मिलेगी। किसी को बिना सोचे-समझे पैसा उधार देने से बचें।



**कुंभ**
आज आपका दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। जो लोग लेखक हैं, आज उनके विचारों का सम्मान होगा। आज सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होगा। आज आपकी बात किसी पुराने दोस्त से होगी। अविवाहितों को आज विवाह के अच्छे प्रस्ताव आयेंगे।



**मीन**
आज आप अपने सोचे हुये कार्यो को जल्दी पूरा करने में सफल होंगे। इस राशि के जो लोग लोहे का बिज़नेस करते हैं, आज उनको उम्मीद से अधिक मुनाफा होगा। भाई से आज आपको कोई उपहार मिलेगा। इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी कर रहे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी मिलेगी।

# डोंगरगढ़ मेला में चाकू दिखाकर मारपीट कर लहुलूहान करने वाले अपराधी गिरफ्तार

**मामला - मेला के मीना बाजार में लगे नाव झुला में घटना घटित हुई थी**

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ मेला में चाकु दिखाकर मारपीट कर लहुलूहान करने वाले अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने हाथ में पहने चुड़ा को निकालकर आह्त के सिर में मारकर चोंट पहुंचाया था। आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया। आरोपी मो. अरशद खान आदतन अपराधिक प्रवृत्ति का है। आरोपी के विरूद्ध विगत पांच वर्ष में 08 अपराध एवं 03 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही दर्ज है। घटना की रात्रि में मेला के मीना बाजार में लगे नाव झुला में घटना घटित हुई थी। अरशद असरफी खान पिता मो. रफीक असरफी खान उम्र- 24 साल ग्राम चौथना रोड कंडरापारा डोंगरगढ़ का निवासी है।





पुलिस ने बताया कि कल 10 अक्टूबर को रात्रि में प्रार्थी रविन्द्र वैष्णव पिता हेमंत वैष्णव उम्र 19 साल निवासी ग्राम मुढ़ीपार थाना गातापार माँ बम्लेश्वरी परिसर मेला में घुमने गया था कि रात्रि लगभग 10 बजे प्रार्थी नाव वाला झुला में झुला झुलने के लिये चढ़ा और सीट में बैठ रहा था तभी आरोपी मो. अरशद खान पिता मो. रफीक खान निवासी डोंगरगढ़ आया और प्रार्थी को सामने वाला सीट में जाने के लिये धमकाने लगा उसी समय झुला चालू हो गया तो प्रार्थी आगे सीट में नहीं जा पाया तो आरोपी अरशद खान प्रार्थी को माँ-बहन की गंदी-गंदी गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा व हाथ में चाकु लेकर धमकाने लगा एवं हाथ में पहने चुड़ा को निकालकर प्रार्थी के सिर में चार-पांच बार मारकर चोंट पहुंचा दिया, जिससे प्रार्थी के सिर में गहरी चोंट आया व प्रार्थी लहूलुहान हो गये। जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी को पकड़कर घटना में प्रयुक्त चुडा एवं चाकु को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी मो. अरशद खान आदतन अपराधिक प्रवृत्ति का हैं जो विगत 5 वर्षों में ही 8 अपराध एवं 3 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के साथ अपने आपराधिक गतिविधियों में बढ़ोत्तरी कर आपराधिक जीवन व्यतीत कर रहा है। इस वर्ष हाल ही में आरोपी अरशद खान के विरूद्ध गणेश विसर्जन दौरान मारपीट करने का रिपोर्ट दर्ज है व इसके पूर्व एक रेलवे पुलिस से मारपीट करने के मामला में आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। आदतन होने के कारण पुलिस द्वारा की जा रही आरोपी के गुंडा फाइल खोलने की तैयारी है।

# दशहरा उत्सव 13 को हाईस्कूल मैदान में

**अनेक वर्षों की परंपरा को संस्था की ओर से कायम रखा**




डोंगरगढ़(दावा) मां बमलेश्वरी की नगरी डोंगरगढ़ धाम में दशहरा उत्सव 13 अक्टूबर रविवार को मनाया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए दशहरा उत्सव कमेटी के अध्यक्ष मनोज भंडारी ने बताया कि इस वर्ष नवमी तिथि 12 अक्टूबर शनिवार को मनाई जा रही है। मां बमलेश्वरी मंदिर में विसर्जन कार्यक्रम 12 अक्टूबर शनिवार को रात्रि में संपन्न होगा इसलिए दशहरा उत्सव डोंगरगढ़ में 13 अक्टूबर रविवार को मनाया जाएगा। भगवान राम की शोभायात्रा नरसिंह मंदिर से तथा रावण का जुलूस मारवाड़ी धर्मशाला से निकलेगा जो गोलबाजार सब्जी मंडी होते हुए हाईस्कूल स्थित दशहरा मैदान मैं पहुंचेगा। वहां राम रावण का युद्ध होगा एवं रामलीला का मंचन भी होगा।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र की महिला विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल मुख्य अतिथि होंगी। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, रामजी भारती, विनोद खांडेकर, धनेश पाटीला, थानेश्वर पाटीला, बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल समाजसेवी विष्णु लोधी सौमित्र सोनी पूर्व अध्यक्ष रघुवर प्रसाद अग्रवाल चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष सिंघई किशोर जैन सेवानिवृत स्टेशन मास्टर विश्वनाथ यादव समाजसेवी जनरैल सिंह अरोरा मंच पर उपस्थित होंगे। अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात रावण दहन का कार्यक्रम संपन्न होगा। इस वर्ष समिति द्वारा आकर्षक आतिशबाजी भी की जाएगी। दशहरा उत्सव समिति ने क्षेत्र के धर्मावलंबियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पर्व को मनाने की अपील की है।

## पहला कॉलम...

### आज विजयादशमी पर निकलेगी राजा आर्यव्रत की शाही सवारी



खैरागढ़ (दावा)। रियासत कालीन परंपरा के अनुसार खैरागढ़ राजघराने के व्दारा इस वर्ष भी विजयादशमी का गौरवशाली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर खैरागढ़ रियासत के राजा आर्यव्रत सिंह शाही बग्घी में सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे, नगर भ्रमण के पश्चात राम -लक्ष्मण के व्दारा राजा फतेह सिंह खेल मैदान में भव्य रंग बिरंगी आतिशबाजी के बीच रावण का दहन किया जाएगा।

विजयादशमी पर्व पर आज शनिवार 12 अक्टूबर को राजा आर्यव्रत सिंह शाम 5 बजे से कमल विलास पैलेस के समीप रानी रश्मि देवी नगर में जनता-जनार्दन से भेंट मुलाकात करेंगे। उसके बाद शाम 6 बजे दुर्गा चौक सिविल में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करने के पश्चात् शाही सवारी नगर भ्रमण के लिए रवाना होगी, जो मेन रोड, अंबेडकर चौक, संगीत विश्वविद्यालय प्रांगण होते हुए मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचेगी, जहां माता रानी की पूजा-अर्चना कर राज फैमिली, हास्पिटल चौक, मस्जिद चौक, गोलबाजार, बक्शी मार्ग, इतवारी बाजार, किल्ला पारा, तुरकारी पारा, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड होते हुए राजा फतेह सिंह खेल मैदान पहुंचेगी जहां रंग बिरंगी भव्य आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया जाएगा। रावण दहन के तत्पश्चात छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर मयारू का आयोजन किया जाएगा। आप सभी क्षेत्रवासी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होवे।

### भक्त मां कर्मा की मूर्ति स्वरूप की स्थापना एवं लोकार्पण

डोंगरगढ़ (दावा)। मां कर्मा कॉलोनी में भक्त मां कर्मा की मूर्ति स्वरूप की स्थापना एवं लोकार्पण कॉलोनीवासियों के द्वारा वार्ड नंबर 3 टिकरापारा करवारी रोड डोंगरगढ़ में नगर साहू समाज, तहसील, जिला साहू समाज के पदाधिकारियों के करकमलों एवं कर्मा कॉलोनीवासियों के सहयोग से दिनांक 11 अक्टूबर को आप गणमान्य जनों की उपस्तिथि में गरिमामयी एवं हर्षोउलास के साथ लोकार्पण किया गया। जिसमें उपस्थित अतिथिगण अशोक साहू, हेमंत साहू, कचरू हिरवानी, वीरेंद्र साहू, शिवकुमार साहू, मनोज साहू, दुर्गेश साहू, उपकार साहू, जोधन साहू, गिरीश साहू, श्रीमती सुजाता साहू, मां कर्मा की पूजा और अर्चना कर खिचड़ी, पूड़ी और खीर का भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। मां कर्मा कॉलोनीवासी घनश्याम साहू, भगवानदीन साहू, ईश्वर साहू, मनोहर लाल साहू, तिलोक चंद साहू, तेजेन्द्र कुमार साहू, रामलाल लारिया, जयप्रकाश साहू, देवीदास निर्मलकर, माधव शुक्ला, पुस्पेंद्र साहू, अमन साहू, श्रीमती हर्षलता साहू, ममता साहू, सुशीला साहू, सहौद्री लारिया, मानबाई साहू आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।



# भाजपा के कार्यकर्ता घूम-घूम कर शिविर लगाकर बना रहे हैं सदस्य




डोंगरगढ़(दावा)। नया बस स्टैंड साई मंदिर के सामने स्टाल लगाकर कार्यकर्ता बना रहे हैं सदस्य इस अवसर पर डोंगरगढ़ के कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक खांडेकर जी के जन्मदिन को भी स्टॉल में मनाया साथ-साथ सदस्यता अभियान को भी लगातार जारी रखा। भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जिला भाजपा के अध्यक्ष रमेश पटेल के मार्गदर्शन में लगातार पूरे राजनांदगांव जिले में सदस्यता अभियान कार्यकर्ताओं के द्वारा चलाए जा रहे हैं।

इसी क्रम में डोंगरगढ़ शहर के भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा स्टॉल लगाकर नवरात्रि के दौरान डोंगरगढ़ पहुंच रहे दर्शनार्थी के साथ-साथ नगर के लोगों को भाजपा के सदस्यता दिलाने में लगे हैं भाजपा के कार्यकर्ता प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के रेफरल लिंक से भी बना रहे हैं सांसद संतोष पाण्डेय के रेफरल लिंक के साथ-साथ डॉ रमन सिंह, विजय शर्मा, मधुसूदन यादव एवं अभिषेक सिंह के साथ-साथ अन्य वरिष्ठों के रेफरल लिंक से भी सदस्य बनाए जा रहे हैं। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी डोंगरगढ़ शहर महामंत्री संतोष राव डोंगरगढ़ विधानसभा मीडिया प्रभारी विजेंद्र सिंह ठाकुर, मधुसूदन अग्रवाल पूर्व यूवा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस कक्कड़ डोंगरगढ़ शहर जसमीत सिंह, मीना यादव, ज्योति बड़वाईक, गीता मानिकपुरी, भागवत नामदेव, अखिलेश गढ़वाल, कन्हैया वर्मा, निर्मला साहू, शुभम परिहार, पूजा उज्ज्वने, रूपेंद्र इंदुलकर, रामकुमार डडसेना, सुशीला साहू, रिया साहू, गुरविंदर सिंह भाटिया, मयंक डोंगरे, सुनीता बघेल, रानी समुंद्र सहित बहुत से कार्यकर्ता सदस्यता बनाने के कार्य में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# खुज्जी विधायक भोलाराम साहू शोकाकुल परिवार से मिले

**भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किए**



राजनांदगांव (दावा)। ममता नगर वार्ड क्र. 18 राजनांदगॉव निवासी गोविन्द साव एवं कुमार गौरव साहू के माताजी श्रीमती अनुसूइया साहू का 7 अक्टूबर को निधन हो गया था, जिनके आज शोक कार्यक्रम में विधायक खुज्जी भोलाराम साहू शामिल होकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किए एवं ईश्वर से प्रार्थना किए कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतृप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट किए। इस दौरान गुलेन्द्र साहू, फूलचंद साहू, दिनेश साहू, जीवन साव, रवि साहू, रूपचंद साहू, सतीश साहू एवं अन्य परिजन उपस्थित थे।

# कलेक्टर जनदर्शन में 25 आवेदन प्राप्त, समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश

**कलेक्टर ने आमजनों की समस्याओं का गंभीरता पूर्वक निराकरण करने के दिये निर्देश**

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आमजनों की शिकायतों, समस्याओं और मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही करें। कलेक्टर जनदर्शन में आज 25 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभाग में भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है।

कलेक्टर जनदर्शन में आज जिले के विकासखंड मानपुर अंतर्गत ग्राम कहडबरी के समस्त ग्रामवासियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 930 अंडर ब्रिज सड़क निर्माण हेतु राजपत्र प्रकाशन भूअर्जन भूमि रकबा में त्रुटि सुधार करके मुआवजा प्रदान करने के संबंध में आवेदन प्रेषित किया। इसी प्रकार ग्राम कुम्हारी के शेषकुमार ने पटवारी प्रशांत धुर्वे मानपुर हल्का नं. 03 को हटवाने के संबंध में आवेदन प्रेषित किया। मोहला वि.ख. के ग्राम दनगढ़ निवासी धनसिंह ने लगानी भूमि के रजिस्ट्री के संबंध में आवेदन दिया। अं.चौकी वि.ख. अंतर्गत ग्राम दोड़के निवासी रामचंद ने शिवनाथ पर पुलिया निर्माण के सड़क में दबी निजी भूमि का मुआवजा राशि के संबंध में आवेदन प्रेषित किया है। इसी प्रकार अं.चौकी, बिहरी कला, बागनारा, बिहरी खुर्द, हाथीकन्हार, निचेकोहड़ा के समस्त ग्रामवासियों ने उद्यानिकी साग-सब्जी का फसल बीमा राशि ए.आई.सी.ऑफ इंडिया कंपनी से दिलवाये जाने के संबंध में कलेक्टर जनदर्शन में गुहार लगाई है। इसी प्रकार जिले के अन्य आवेदकों ने अपने आवेदन के माध्यम से अपनी समस्याओं से निजात पाने कलेक्टर से गुहार लगायी है।

## डॉ. रमन सिंह ने किया मां बम्लेश्वरी के दर्शन...



डोंगरगढ़ ( दावा )। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सपरिवार मां बम्लेश्वरी के दर्शन कर प्रदेश में अमन, चेन व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमति वीणा देवी सिंह, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, हरविंदर सिंह मंगे, लक्ष्मानारायण अग्रवाल, पुरुषोत्तम गांधी आदि उपस्थित रहे।

## चेकिंग के दौरान कार से दो करोड़ 27 लाख 50 हजार रुपये बरामद

कबीरधाम (दावा)। कबीरधाम में आज शुक्रवार को चिल्फी थाना पुलिस ने तीन लोगों के पास से नकद दो करोड़ 27 लाख 50 हजार रुपए और एक कार जब्त किया है। राशि के संबंध में पुलिस ने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को सूचना दे दी है। एडिशनल एसपी पुष्पेन्द्र बघेल ने बताया कि एमपी-सीजी बॉर्डर थाना चिल्फी में वाहनों की जांच की जा रहीं थी। इसी जांच के दौरान एमपी के मंडला की तरफ से एक कार की चेकिंग के दौरान गगन जैन पिता स्व.गिरीश जैन उम्र 33 और अमन जैन पिता स्व.गिरीश जैन उम्र 30, नवीन ठाकुर पिता ताराचंद्र ठाकुर उम्र 25 निवासी मंडला (एमपी) बताया। चेकिंग के दौरान कार से दो करोड़ 27 लाख 50 हजार रुपये बरामद हुए। पूछताछ करने पर रायपुर में प्रापर्टी खरीदने के नाम पर रकम ले जाना बताया। हालांकि, जब्त रकम के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने इनकम टैक्स विभाग को सूचना दे दी है।

## साय सरकार ने डॉक्टरों पर कंसा शिकंजा : नॉन प्रैक्टिस एलाउंस लेने वाले चिकित्सकों की सूची की सार्वजनिक



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार ने चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालय के लिए बड़ा निर्णय लिया है। सरकार ने नॉन प्रैक्टिस एलाउंस लेने वाले चिकित्सकों की सूची सार्वजनिक कर दी है।

अब यह सूची आमजनों के लिए वेबसाइट पर सार्वजनिक कर दी है। कौन चिकित्सक पात्र है और कौन नहीं है इसकी जानकारी वेबसाइट से आमजनों को मिलेगी।

सीएम विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर आमजनों के लिए चिकित्सा शिक्षा की वेबसाइट पर नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस (एनपीए) लेने वाले चिकित्सकों एवं चिकित्सा शिक्षकों की सूची सार्वजनिक कर दी गई है। इसमें कौन सा चिकित्सक निजी प्रैक्टिस करने के लिए पात्र है और कौन नहीं। इसके लिए राज्य के सभी शासकीय मेडिकल कॉलेज और डेंटल मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों एवं चिकित्सा शिक्षकों के द्वारा एनपीए लेने अथवा नहीं लेने की जानकारी चिकित्सा शिक्षा की वेबसाइट पर सार्वजनिक कर दी गई है।

# सिंगल विंडो सिस्टम के क्रियान्वयन के संबंध में कार्यशाला का आयोजन

मोहला (दावा)। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र राजनांदगांव द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में अपर कलेक्टर श्री विजेंद्र पाटले, एसडीएम मोहला हेमेंद्र भुआर्य, उद्योग विभाग के सहायक संचालक सतविंदर सिंह भाटिया, अन्य विभाग के अधिकारी तथा मोहला जिले के उद्योगपति सम्मिलित हुए।

श्री भाटिया द्वारा जिले के उद्यमियों को सिंगल विंडो सिस्टम के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उनके द्वारा बताया गया कि प्रदेश में उद्यमियों के सेवा सुलभता के लिए एक सिंगल प्लेटफार्म लॉन्च किया गया है। इससे एक ही जगह पर आवेदक अपने आवेदन से जुड़ी अनुमति, लाइसेंस, क्लियरेंस आदि से संबंधित सुविधाएं प्राप्त कर सकेगा। कार्यशाला में बताया गया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी ने सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ 2 जुलाई 2024 को किया है। जहां उद्योगों से संबंधित 16 विभाग की 90 से अधिक सेवाओ का लाभ सिंगल प्लेटफार्म में लॉग इन करके लिया जा सकता है। कार्यशाला में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपने विभाग से जुड़ी सेवाओं का सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से लाभ लिए जाने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया।

### सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया

सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 में रजिस्ट्रेशन के लिए, http://cg.industries.gov.in वेबसाइट में जाकर पंजीयन करना होगा। नए उपयोगकर्ता सिंगल विंडो सिस्टम के द्वारा आवेदन हेतु सर्व प्रथम नए उपयोगकर्ता पोर्टल में पंजीयन कर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते है। लॉगिन के पश्चात् उपयोगकर्ता को अपने यूनिट/व्यवसाय का पंजीयन कर उद्यम आकांक्षा क्रमांक प्राप्त करना होगा।

इसी प्रकार सिंगल विंडो सिस्टम 1.0 में पूर्व में पंजीकृत उपयोगकर्ता अपने पुराने यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकते है। लॉगिन के समय उपयोगकर्ता को पासवर्ड रिसेट करना अनिवार्य है। लॉगिन के पश्चात् यूनिट/व्यवसाय कि जानकारी प्रदर्शित कि जाती है। यूनिट/व्यवसाय चुन कर डैशबोर्ड पर आ सकते है। पहली बार इस डैशबोर्ड में आने पर एड क्लियरेंस आप्शन का उपयोग करना होगा। जिससे अपने यूनिट/व्यवसाय हेतु आवश्यक सर्विसेस का चयन कर डैशबोर्ड में एड कर सकते है। सर्विस डैशबोर्ड में एड होने के पश्चात न्यू एप्लीकेशन पर क्लिक करना होगा। प्रोसीड आप्शन को क्लिक करने पर संबंधित विभाग के पोर्टल में रि-डायरेक्ट कर दिया जाता है।

### उद्योगों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की विशेषताएं

सिंगल विंडो सिस्टम उद्योगों के लिए बहुत सी खासियत लिए हुए हैं। जिसमें विभिन्न विभागों में उद्योगों के बार बार यूजर रजिस्ट्रेशन को समाप्त किया गया है। एक ही लॉगिन से उद्योग समस्त सुविधाओं को प्राप्त करए उनकी स्थिति देख एवं जारी अनुमति/लाइसेन्स देख सकते हैं। सेंट्रलाइज्ड डॉक्यूमेंट रिपोजिटरी के तहत दस्तावेजों का एक जगह संधारण किया जाता है।

उद्यम आकांक्षा में दर्ज जानकारी विभिन्न आवेदन फॉर्म में प्री.पापुलेट की प्रक्रिया कर डुप्लीकेट एंट्री को समाप्त किया गया है। फीस कलेक्शन हेतु राज्य शासन के ई.चालान सिस्टम से इन्टीग्रेट किया गया है। नो योर क्लियरेंस हेतु सुविधा जनक माड्यूल का निर्माण किया गया है।

### सिंगल विंडो से जुड़े हुये विभाग

सिंगल विंडो सिस्टम से शासन के 16 विभाग जुड़े हुए हैं। जिनमें इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना विभाग, बॉयलर निरीक्षणालय, आयुक्त, सहकारिता एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम, छत्तीसगढ़ सरकार जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, छत्तीसगढ़ अग्नि एवं आपातकालीन सेवाएं, नगर एवं ग्राम नियोजन, नियंत्रक विधिक माप विज्ञान छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ श्रम विभाग, भू.अभिलेख छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, मुख्य विद्युत निरीक्षणालयए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर आबकारी विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग जुड़े हुए हैं।

## पहला कॉलम...

### जापानी संगठन निहोन हिडानक्यो को मिला नोबेल शांति पुरस्कार

ओस्लो। जापानी संगठन निहोन हिडानक्यो को परमाणु हथियार मुक्त विश्व बनाने के प्रयासों के लिए शुक्रवार को 2024 का नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया है. नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने 2024 का नोबेल शांति पुरस्कार हिरोशिमा और नागासाकी के परमाणु बम विस्फोटों में जीवित बचे लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाले जापानी संगठन निहोन हिडानक्यो को दिया है. इस समूह को परमाणु मुक्त दुनिया की वकालत करने और परमाणु युद्ध की भयावहता पर अपनी बात मजबूती से रखने लिए सम्मानित किया गया. नॉर्वेजियन नोबेल समिति के अध्यक्ष जर्गेन वाटने फ्राइडनेस ने कहा कि यह पुरस्कार इसलिए दिया गया क्योंकि परमाणु हथियार के इस्तेमाल के खिलाफ निषेध दबाव में है. उन्होंने कहा कि, नोबेल समिति उन सभी जीवित बचे लोगों को सम्मानित करना चाहती है, जिन्होंने शारीरिक पीड़ा और दर्दनाक यादों के बावजूद, शांति के लिए आशा और जुड़ाव पैदा करने के लिए अपने महंगे अनुभव के साथ आगे बढ़ने का विकल्प चुना है. नोबेल समिति द्वारा परमाणु हथियारों को खत्म करने के प्रयासों को पहले भी सम्मानित किया गया है. परमाणु हथियारों को खत्म करने के अंतरराष्ट्रीय अभियान ने 2017 में शांति पुरस्कार जीता और 1995 में जोसेफ रोटब्लाट और विज्ञान और विश्व मामलों पर पगवाश सम्मेलन ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में परमाणु हथियारों द्वारा निभाई गई भूमिका को कम करने और लंबे समय में ऐसे हथियारों को खत्म करने के उनके प्रयासों के लिए जीता.इस साल का पुरस्कार विश्व में चल रहे विनाशकारी संघर्षों, विशेष रूप से मध्य पूर्व, यूक्रेन और सूडान में चल रहे संघर्षों की पृष्ठभूमि में प्रदान किया गया.

### सोने के कीमतों में भारी उछाल, चांदी में भी तेजी

मुंबई। फेस्टिव सीजन में डिमांड बढ़ने का असर सोने-चांदी की कीमतों पर भी दिख रहा है। इन कीमती धातुओं के भाव शुक्रवार सुबह बढ़त के साथ ट्रेड करते दिखे हैं। घरेलू वायदा बाजार में भी आज सोने-चांदी की कीमतें हरे निशान पर खुलीं। एमसीएक्स एक्सचेंज पर शुक्रवार सुबह 5 दिसंबर 2024 की डिलीवरी वाला सोना 0.71 फीसदी या 531 रुपये की बढ़त के साथ 75828 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखाई दिया। वैश्विक स्तर पर भी सोने-चांदी की कीमतों में आज अच्छी-खासी तेजी देखने को मिली।

सोने के साथ ही चांदी की घरेलू वायदा कीमतों में भी शुक्रवार सुबह अच्छी-खासी तेजी देखने को मिली है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर 5 दिसंबर 2024 की डिलीवरी वाली चांदी शुरुआती कारोबार में 0.87 फीसदी या 786 रुपये की बढ़त के साथ 91090 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखाई दी। सोने के साथ ही चांदी की वैश्विक कीमतों में भी उछाल देखने को मिला है। वैश्विक बाजार में कॉमेक्स पर सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। यह 0.87 फीसदी या 22.90 डॉलर की उछाल के साथ 2662.20 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव इस समय 0.61 फीसदी या 15.96 डॉलर की बढ़त के साथ 2645.70 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा।

### बांग्लादेश के हिंदू मंदिर से चोरी हुआ मां जेशोरेश्वरी का मुकुट, पीएम मोदी ने उपहार में किया था भेंट

ढाका। बांग्लादेश में पांच अगस्त को पीएम शेख हसीना को सत्ता से हटाए जाने के बाद जबर्दस्त अराजकता है। सतखीरा के श्यामनगर में जेशोरेश्वरी मंदिर से काली माता का मुकुट चोरी हो गया है। यह मुकुट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मार्च 2021 में अपनी यात्रा के दौरान भेंट किया था। पीएम मोदी ने मंदिर की अपनी यात्रा का एक वीडियो भी साझा किया था, जो कि कोरोना महामारी के बाद किसी भी देश की उनकी पहली यात्रा थी। बांग्लादेश में सतखिरा के श्यामनगर स्थित जेशोरेश्वरी मंदिर से मां काली का मुकुट चोरी हो गया है। द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार यह मुकुट मार्च 2021 में मंदिर की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उपहार में दिया गया था। श्यामनगर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर तैजुल इस्लाम ने कहा कि हम चोर की पहचान करने के लिए मंदिर के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं। द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, यह चोरी गुरुवार को दोपहर 2.00 बजे से 2.30 बजे के बीच हुई, जब मंदिर के पुजारी दिलीप मुखर्जी दिन की पूजा के बाद घर चले गए। बाद में सफाई कर्मचारियों ने पाया कि काली माता के सिर से मुकुट गायब था।

### बलूचिस्तान में हमला, 20 लोगों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित एक कोयला खदान में बड़ा हमला हुआ है। हथियारबंद लोगों ने कोयला खदान में हमला बोला। अभी तक 20 लोगों की मौत की खबर है। वहीं सात अन्य घायल हैं। एससीओ शिखर सम्मलेन से पहले यह पाकिस्तान में हुआ दूसरा बड़ा हमला है। इससे पहले छह अक्तूबर को कराची में आंतकी हमला हुआ था। जानकारी के मुताबिक मृतकों में से तीन और घायलों में से चार अफगान थे। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## पाकिस्तान की फिर हुई बेइज्जती, इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में पारी और 47 रनों से दी करारी शिकस्त

नई दिल्ली। पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड के बीच खेले गए पहले मुकाबले में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को बहुत बुरी तरह से रौंद दिया है. इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है. वहीं, पाकिस्तान के नाम बहुत बुरा रिकॉर्ड भी जुड गया है. पाकिस्तान ऐसी टीम बनी है जो पहली पारी में 500 से ज्यादा रन बनाने के बाद भी एक पारी से हार गई है.



पाकिस्तान पहली पारी में 500+ रन बनाने के बाद टेस्ट मैच हारने वाली पहली क्रिकेट टीम बन गई. टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान का भयावह दौर जारी है. टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान की यह लगातार छठी हार है. इतना ही नहीं पिछले 9 टेस्ट मैचों में घरेलू मैदान पर उनकी सातवीं हार है. इंग्लैंड ने इस मुकाबले में एक पारी और 47 रनों से जीत दर्ज की है क्योंकि गेंदबाजों ने पाकिस्तान की पूंछ को समेटने में ज्यादा समय नहीं लगाया, जिसमें शीर्ष स्पिनर जैक लीच ने लगातार तीन विकेट चटकाए और मेजबान टीम को 220 रनों पर समेट दिया. विशेष रूप से, स्पिनर अबरार अहमद, जिन्हें गुरुवार को तेज बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था, दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने नहीं आए.

पाकिस्तान ने पहली पारी में शानदार खेल दिखाते हुए शान मसूद और अब्दुल्लाह शफीक और सलमान आघा के शतकों की बदौलत 556 रनों का विशाल स्कोर बनाया. वहीं, इन तीनों शतकों के अलावा पाकिस्तान की तरफ से सऊद शकील ने 82 रन की पारी खेली.

### इंग्लैंड पहली पारी

वहीं पहली पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने पाकिस्तान के बल्लेबाजों को खूब छकाया. इंग्लैंड की तरफ से जो रूट ने दोहरा शतक (262) और हैरी ब्रूक ने तीहरा (317) रन की पारी खेली. इन दोनों बल्लेबाजों के अलावा बेन डकेट 87 और जैक क्रॉली ने 72 रन की पारी खेली. हालांकि, पाकिस्तान के गेंदबाज इंग्लैड के सभी बल्लेबाजों को पूरी तरह आउट नहीं कर पाए और इंग्लैंड ने 267 रन की बढ़त बनाने के बाद पारी घोषित कर दी.

### पाकिस्तान दूसरी पारी

इंग्लैंड के 267 रनों के बढ़त के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम दूसरी पारी में इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाई.

पहली पारी में कमाल का प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाज दूसरी पारी में फुस्स नजर आए. दूसरी पारी में आमिर जमाल ने 55 और सलमान आघा ने 63 रन की पारी खेली और 47 रन पहले 247 रन पर ऑलआउट हो गई.

## अभ्यास के दौरान तोपखाने का गोला फटने से दो अग्निवीरों की गई जान



नई दिल्ली। भारतीय सेना के दो अग्निवीरों की जान चली गई है। दरअसल, फायरिंग अभ्यास के दौरान एक तोपखाने का गोला फट गया। इसकी चपेट में आने की वजह से दो अग्निवीरों की जान चली गई। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, ये दुखद घटना महाराष्ट्र के नासिक के देवलाली में आर्टिलरी स्कूल में हुई है।

### कैसे हुई पूरी घटना?

भारतीय सेना के अधिकारियों की ओर से जानकारी दी गई है कि फायरिंग अभ्यास के दौरान एक तोपखाने का गोला फट गया है। इस घटना में भारतीय सेना के दो अग्निवीरों की जान चली गई है। जानकारी के मुताबिक, ये अग्निवीर हैदराबाद से महाराष्ट्र के नासिक के देवलाली में आर्टिलरी स्कूल में प्रशिक्षण के लिए आए थे। इस हादसे का सही कारण पता लगाने के लिए सेना ने घटना की कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए हैं।

## इजरायल ने बेरूत के रिहायशी इलाकों में की बमबारी, 22 की मौत

बेरूत। इजरायल ने गुरुवार की रात लेबनान की राजधानी बेरूत के डाउनटाउन शहर कई हवाई हमले किए। इस हमले में 22 लोगों की मौत हो गई और 117 लोग घायल हो गए। इजरायल डिफेंस फोर्स ने मुताबिक, ये हवाई हमले रास एल नबेह, अल-नुवैरी के आसपास के इलाकों को निशाना बनाकर किया गया। लेबनान में सक्रिय ईरान समर्थित एक संगठन हिजबुल्लाह ने इजरायल पर कई हमले किए, जिसकी जवाबी कार्रवाई में इजरायल ने हिजबुल्लाह के प्रमुख नेता और ठिकानों को निशाना बनाया है।

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव कम होता नजर नहीं आ रहा है। इजरायल ने गुरुवार रात एक बेरूत के डाउनटाउन शहर कई हवाई हमले किए। ये हमले हिज़्बुल्लाह के एक प्रमुख नेता को निशाना बनाकर किए गए थे जिसमें 22 लोगों की मौत और 117 घायल हुए हैं। इजरायली सैनिकों पर आरोप है कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिकों को भी निशाना बनाया है।

इजरायल डिफेंस फोर्स ने कुछ ही मिनटों में कई रॉकेट दागे। स्थानीय लोगों ने हमले के बाद वीडियो बनाए, जिसमें इमारतों से धुआं निकलता दिखाई दे रहा है। शहर में एंबुलेंस के सायरन की तेज आवाज सुनाई पड़ रही थी। बता दें कि यह घनी आबादी वाले रिहायशी इलाकों को निशाना बनाकर किया गया था। हमले में 22 लोगों के मारे जाने और 117 के घायल होने की पुष्टि हुई है।

## चीन की 'खतरनाक' नीति, अमेरिका ने तैनात किए नौसेना के जहाज और लड़ाकू विमान

लाओस। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के नेताओं से कहा कि अमेरिका विवादित दक्षिण चीन सागर में बीजिंग की च्बढ़ती खतरनाक और गैरकानूनीज्ज् गतिविधियों को लेकर चिंतित है। ब्लिंकन ने आसियान की वार्षिक शिखर बैठक के दौरान संकल्प व्यक्त किया कि अमेरिका महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्ग में नौवहन की स्वतंत्रता को बनाए रखना जारी रखेगा।



राष्ट्रपति जो बाइडेन की तरफ से सम्मेलन में भाग ले रहे ब्लिंकन ने अमेरिका-आसियान शिखर सम्मेलन में अपने शुरुआती संबोधन में कहा, च्हम दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती खतरनाक और गैर-कानूनी गतिविधियों को लेकर बहुत चिंतित हैं, जिनकी वजह से लोग घायल हुए हैं, आसियान देशों के जहाजों को नुकसान पहुंचा है और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान से जुड़ी प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन हुआ है।ज्ज् उन्होंने कहा, च्अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता तथा उड़ान की स्वतंत्रता का समर्थन करना जारी रखेगा।ज्ज् दक्षिण चीन सागर पर अमेरिका का कोई दावा नहीं है, लेकिन उसने चीन के दावों को चुनौती देने के लिए इस क्षेत्र में गश्त के वास्ते नौसेना के जहाज और लड़ाकू विमान तैनात कर दिए हैं।

दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के 10 सदस्य देशों के नेताओं की ब्लिंकन के साथ बैठक, चीन और आसियान सदस्यों फिलीपींस और वियतनाम के बीच समुद्र में हिंसक टकरावों की एक श्रृंखला के बाद हुई है, जिससे यह चिंता बढ़ गई है कि जलमार्गों में चीन की बढ़ती आक्रामक कार्रवाइयां पूर्ण पैमाने पर संघर्ष में बदल सकती हैं। चीन लगभग पूरे समुद्र पर अपना दावा करता है, जबकि आसियान के सदस्य वियतनाम, फिलीपींस, मलेशिया और ब्रुनेई के साथ-साथ ताइवान के भी इसे लेकर अपने-अपने दावे हैं।

## 31 साल के हो गए हैं हार्दिक पांड्या

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं. 11 अक्टूबर 1993 को जन्में हार्दिक आज 31 साल के हो गए हैं. उनके जन्मदिन पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते बधाई दी है.

बीसीसीआई ने लिखा, टी20 विश्व कप 2024 विजेता टीम के हिस्सा ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं.% पांड्या आज भारतीय टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण का अहम हिस्सा हैं. वह डेथ ओवरों में भी गेंदबाजी करते हैं. टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल राउंड में उन्होंने अपनी गेंदबाजी के दम पर हारा हुआ मैच जीत लिया.

## तेजी से डिजिटल हो रहा भारत, दो वर्षों में बदली देश की तस्वीर - सर्वेक्षण

नई दिल्ली । मोबाइल टेलीफोन की कम दरें (लो-कॉस्ट मोबाइल टेलीफोनी) भारत को डिजिटल बनाने की राह पर लाने में मददगार रही हैं। वर्ष 2022-23 में 15 वर्ष से ज्यादा उम्र के 85 प्रतिशत लोग मोबाइल फोन कनेक्शन का इस्तेमाल कर रहे थे। मोबाइल फोन इस्तेमाल करने वालों का यह आंकड़ा ठीक दो वर्ष पहले 2022-21 में 70.2 प्रतिशत था।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा रिलीज किए गए एक सर्वेक्षण से यह जानकारी सामने आई है। भारत में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वालों की संख्या में भी दो वर्षों में काफी सुधार देखा गया है।सर्वेक्षण में सामने आई जानकारी बताती है कि 2020-21 में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वालों का आंकड़ा 41.8 प्रतिशत था। वहीं, 2022-23 में यह बढ़कर 59.8 प्रतिशत हो गया। इनमें 15-29 आयु वर्ग के लोग 84.2 प्रतिशत से भी ज्यादा हैं। सर्वेक्षण में सामने आई जानकारी के अनुसार, 15 वर्ष से अधिक उम्र की 78.7 प्रतिशत महिलाएं एक्टिव मोबाइल कनेक्शन का इस्तेमाल कर रही हैं। ठीक दो वर्ष पहले इस उम्र वर्ग की केवल 56.7 प्रतिशत महिलाएं ही मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर पा रही थी। वहीं, 2020-21 में 83.2 प्रतिशत पुरुष ही मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर पा रहे थे। ठीक दो वर्ष बाद 2022-23 में मोबाइल फोन इस्तेमाल करने वाले पुरुषों का यह आंकड़ा 91.4 प्रतिशत पहुंच गया। इस नए सर्वेक्षण के अनुसार, हर 5 में से 2 व्यक्ति बैंकिंग लेन-देन करने में सक्षम है। वहीं, 43.4 प्रतिशत लोग अपने मोबाइल फोन का इस्तेमाल ईमेल भेजने में कर सकते हैं। सर्वेक्षण में सामने आई जानकारी के अनुसार, लगभग 94 प्रतिशत आबादी के पास उनके निवास स्थान से दो किलोमीटर के भीतर बारहमासी सड़कों तक पहुंच थी और शहरी क्षेत्रों में 93.7 प्रतिशत लोगों के पास 500 मीटर के भीतर परिवहन सेवा उपलब्ध थी।स्वच्छता और पेयजल की उपलब्धता में दो वर्ष पहले की तुलना में सुधार हुआ है और यह लगभग पूर्ण हो गई है। शहरी क्षेत्रों में जेब से किया जाने वाला खर्च घटकर 1,446 रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों में 950 रुपये रह गया, जिससे स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच में भी सुधार का संकेत मिलता है।

## फ्लोरिडा में मिल्टन चक्रवात से 16 की मौत

रॉयटर्स, फ्लोरिडा। अमेरिका के फ्लोरिडा में मिल्टन तूफान से आए बवंडर और बाढ़ ने तबाही मचा रखी है। बताया जा रहा है कि तीन महीने में जितनी बारिश होती है, उतनी बारिश सिर्फ 3 घंटों में हो गई। 20 लाख से ज़्यादा लोग बाढ़ की चपेट में आए हैं। फ्लोरिडा में अब तक 16 लोगों की जान जा चुकी है। सैकड़ों घर तबाह हो गए हैं। 32 लाख से ज्यादा घरों और दफ्तरों में बिजली नहीं है। लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। कामकाज ठप है।



एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक सेंट्रल फ्लोरिडा में मिल्टन तूफान की वजह से 18 इंच तक की बारिश दर्ज की गई, जिससे बाढ़ आ गई। वहीं अमेरिकी कोस्टगार्ड ने गुरुवार को मैक्सिको की खाड़ी में फंसे एक व्यक्ति को बचाया। खाड़ी में फंसा व्यक्ति एक लाइफ जैकेट और कूलर के भरोसे पानी में अपनी जान बचाने की जद्दोजहद कर रहा था।

अमेरिका में तूफान मिल्टन ने कहर मचा दिया है. फ्लोरिडा में इस तूफान का सबसे ज्यादा असर देखने को मिला है. यहां करीब 20 लाख लोग अपने घरों को छोड़कर कहीं और चले गये हैं. जबकि, 4,300 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया है. तूफान मिल्टन फ्लोरिडा के पश्चिमी तट से टकराया है.

तूफान की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि फ्लोरिडा में कई बड़ी-बड़ी इमारतें ताश के पत्तों की तरह बिखरी हुई नजर आ रही हैं. तूफान के बाद ऐसी कई तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें अमेरिकी घरों की छत पूरी तरह से गायब हो चुकी है और घरों के अंदर का सामान यहां-वहां बिखरा पड़ा है.

तूफान के बाद भारी बारिश के चलते आई बाढ़ के कारण फ्लोरिडा के कई इलाकों में मगरमच्छ और सांप भी देखे गये हैं. इस बीच फ्लोरिडा की सरकार ने लोगों से बाढ़ वाले इलाकों में जाने से बचने की अपील की है. सरकार ने लोगों से खुद को सुरक्षित रखने की गुजारिश की है. अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि तूफान बीतने के बाद भी टूट चुके बिजली के तारों और मलबे से अभी भी खतरा बना हुआ है.

***महादेव सट्टा एप का मुख्य सरगना...***

ृएप प्रमोटर ने अपनी शादी में परफॉर्मेंस के लिए 200 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि नकदी के रूप में दी। डिजिटल भुगतान से हुए खुलासे के मुताबिक अकेले 112 करोड़ रुपये हवाला के जरिए इवेंट मैनेजमेंट कंपनी आर-1 इवेंट्स को दिए गए। वहीं 42 करोड़ रुपये की होटल बुकिंग नकद भुगतान करके की गई थी। ईडी ने बॉलीवुड सेलेब्स रणबीर कपूर, श्रद्धा कपूर, कपिल शर्मा, हिना खान और हुमा कुरैशी को पूछताछ के लिए बुलाया था।

***दिल्ली सीएम आतिशी को जिस ...***

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर चल रहे नवरात्रि उत्सव के दौरान एक महिला मुख्यमंत्री के 'निवास' से उनके सामान को 'फेंकने' का भी आरोप लगाया। यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, राज्यसभा सांसद ने भाजपा पर 'मुख्यमंत्री के आवास' पर 'जबरन कब्जा' करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

***रतन टाटा के बाद सौतेले भाई...***

एलाइड ट्रस्ट और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और एलाइड ट्रस्ट शामिल हैं। गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने वाले ये ट्रस्ट, रतन टाटा की विरासत का अभिन्न अंग हैं। 0 अभी टाटा ग्रुप की इन कंपनियों की जिम्मेदारी संभाल रहे नोएल- टाटा ग्रुप के साथ 4 दशक से जुड़े नोएल टाटा अभी टाटा इंटरनेशनल लिमिटेड के चेयरमैन हैं। वे ट्रेंट, वोल्टास और टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन जैसी कंपनियों के चेयरमैन हैं और टाटा स्टील और टाइटन कंपनी लिमिटेड के वाइस-चेयरमैन के रूप में कार्यरत हैं। नोएल टाटा का मिस्त्री परिवार के साथ रिश्ता भी एक अहम फैक्टर है,

## प्रथम पेज का शेष

क्योंकि उनकी शादी पलोनजी मिस्त्री की बेटी और साइरस मिस्त्री की बहन आलू मिस्त्री से हुई है। मिस्त्री परिवार के पास टाटा सन्स में 18 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जो टाटा समूह के भविष्य के नेतृत्व के फैसलों में प्रभाव बनाए रखता है।

***अप्रत्याशित और आकस्मिक स्थिति ..***

आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सेना पर पूरा भरोसा जताया, लेकिन यह भी कहा कि शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत सभी स्तरों पर जारी रहेगी। रक्षा मंत्री ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के प्रयासों की सराहना की, जिसके कठिन परिस्थितियों में काम करते रहने से पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर सड़क संचार में जबरदस्त सुधार हुआ है और यह सुधार जारी रहना चाहिए।

रक्षा मंत्री ने देश की पश्चिमी सीमाओं पर स्थिति का उल्लेख करते हुए सीमा पार आतंकवाद से निपटने में भारतीय सेना की भूमिका की सराहना की और कहा कि शत्रु की ओर से अब भी छद्म युद्ध जारी है। रक्षा मंत्री ने कहा मैं जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खतरे से निपटने में सीएपीएफ, पुलिस बलों और सेना के बीच बेहतर तालमेल की सराहना करता हूं। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में समन्वित अभियान इस क्षेत्र में स्थिरता और शांति बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं। हाल ही में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में हुए चुनावों में यह स्पष्ट हुआ है और इसके लिए मैं एक बार फिर भारतीय सेना की सराहना करता हूं। श्री सिंह ने सेना की उच्च स्तरीय परिचालन तैयारियों और क्षमताओं की सराहना मातृभूमि की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी वीरों को भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने विदेशी सेनाओं के साथ स्थायी सहयोगी संबंध बनाकर राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को आगे बढ़ाने के लिए सेना द्वारा सैन्य कूटनीति में किए गए महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। भाषण का समापन करते हुए उन्होंने कहा, रक्षा कूटनीति, स्वदेशीकरण, सूचना युद्ध, रक्षा अवसंरचना और सेना आधुनिकीकरण से संबंधित मुद्दों पर हमेशा ऐसे मंच पर विचार किया जाना चाहिए। युद्ध की तैयारी एक सतत प्रक्रिया होनी चाहिए और हमें उन अप्रत्याशित स्थितियों से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए, जो कभी भी आ सकती हैं। हमें हमेशा अपने युद्ध कौशल और हथियार प्रौद्योगिकी को मजबूत करना चाहिए, ताकि जरूरत पड़ने पर हम प्रभावी रूप से काम कर सकें।

राष्ट्र को अपनी सेना पर गर्व है और सरकार सुधारों एवं क्षमता आधुनिकीकरण के साथ सेना को आगे बढ़ने में सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्री ने सेना में पूरे देश के विश्वास को दोहराया और कहा कि यह सबसे भरोसेमंद और प्रेरणादायक संगठनों में से एक है। उन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने के अलावा किसी भी समय नागरिक प्रशासन को सहायता प्रदान करने में सेना द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने देश सेवा में प्रत्येक सैनिक के योगदान की सराहना की और राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सेना कमांडर सम्मेलन में हिस्सा लेने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और राष्ट्र तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'रक्षा और सुरक्षा' दृष्टिकोण को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए सैन्य नेतृत्व की सराहना की।

## बुमराह बने टेस्ट टीम के उप कप्तान-न्यूजीलैंड के खिलाफ होम सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान, शमी अब तक फिट

स्पोर्ट्स डेस्क। न्यूजीलैंड के खिलाफ 16 अक्टूबर से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज के लिए 15 मेंबर्स वाली भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। इनके अलावा तीन ट्रैवलिंग रिजर्व भी रखे गए हैं। जसप्रीत बुमराह को उपकप्तान बनाया गया है। बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम का कोई उपकप्तान नहीं चुना गया था। माना जा रहा है कि बीसीसीआई रोहित शर्मा के बाद बुमराह में टेस्ट टीम का फ्यूचर कप्तान देख रहा है। टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हो पाए हैं। उन्हें टीम में जगह नहीं मिली है।शमी टखने की चोट से उबर रहे हैं, जिसके लिए इस साल की शुरुआत में उनकी सर्जरी हुई थी। शमी चोट की वजह से 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के बाद से मैदान से बाहर हैं। लेफ्ट आर्म पेसर यश दयाल चोटिल होने की वजह से बाहर हो गए है। वे बांग्लादेश सीरीज के लिए भारतीय स्क्वॉड में थे।



पहला टेस्ट 16 अक्टूबर से बेंगलुरु में खेला जाएगा न्यूजीलैंड टीम तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत दौरे पर आ रही है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 16 अक्टूबर से तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। इसका पहला मैच बेंगलुरु में खेला जाएगा। भारतीय टीम का बैटिंग लाइन-अप मजबूत भारतीय टीम का बैटिंग लाइन-अप काफी मजबूत है। रोहित के साथ विराट कोहली, यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल और ऋषभ पंत टीम का हिस्सा हैं। सिलेक्टर्स ने सरफराज खान और ध्रुव जुरेल पर भी टीम में शामिल किया है। टीम में ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा को भी मौका मिला है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों के लिए भारत की टीम रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप।

**ट्रैवलिंग रिजर्व**- हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी, मयंक यादव और प्रसिद्ध कृष्णा।

इंडिया टूर के लिए न्यूजीलैंड का स्क्वॉड टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), माइकल ब्रेसवेल (पहले टेस्ट के लिए), मार्क चैपमैन, डेवोन कॉन्वे, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, विलियम ओरूर्क, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सेंटनर, बेन सियर्स, ईश सोढ़ी (दूसरा और तीसरा टेस्ट), टिम साउदी, केन विलियमसन और विल यंग।

# चिटफंड कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर डॉ. रमन सिंह व कलेक्टर से हितग्राहियों ने लगाई गुहार



राजनांदगांव (दावा)। एव्हीएम चिटफंड कंपनी के विरुद्ध हितग्राही जमाकर्ताओं ने स्पीकर हाउस विधानसभा अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह जी एवं जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल जी से भेंट कर चिटफंड कम्पनी के विरुद्ध कार्यवाही कर हितग्राहियों का जमा रकम लगभग 500 करोड़ शासन द्वारा जप्ती कर वापस दिलाने की रखी मांग।

हितग्रहियों ने रमन सिंह एवं जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत में दी एवं मौखित रूप से बताया कि ए वी एम के डायरेक्टर अनिल साहू निवासी टेड़ेसरा द्वारा लगभग 20 करोड़ की प्रॉपर्टी को शिकायत उपरांत हितग्रहोयो को देने शासन द्वारा जप्ती न बना ले इस उद्देश्य से शाशन की आंखों में धूल झोंकने के लिए लगभग 20 करोड़ की समाप्ति जो कि हित ग्राहियों के खून पसीने की कमाई कम्पनी के जमा रकम से खरीदी गयी थी उसे शासन के द्वारा जप्त केरने के डर से शिकायत उपरांत जेल जाने से पहले ही अपने बी वी बच्चों के नाम से हस्तांतरित कर दिया ताकि शासन द्वारा कार्यवाही से बचा जा सके और हुआ भी ऐसा ही शासन द्वरा जप्ती कार्यवाही की गई तो मात्र 3 डिसमिल जगहअनिल साहू के नाम होना पाया गया मात्र 90 हजार की ही शासन द्वारा जप्ती कार्यवाही कर हितग्रहोयो के देने कार्यवाही हुई।

हितग्रहोयो को जब भनक लगी इस बात की की अनिल साहू द्वारा लगभव 20 करोड़ की प्रॉपर्टी को शाशन द्वरा कार्यवाही से बचने के उद्देश्य से अपने बी वी बच्चों रिश्तेदार के नाम से रजिस्टरी करा चुका है तब हितंग्राहियों ने छान बिन कर राजनादगांव रजिस्टरार ऑफिस से रजिस्ट्री नकल निकलवाये तब जाकर इस बात का खुलासा हुआ कि लगभग 20 करोड़ कि सम्पति जो कि चिट फंड कम्पनी से अर्जित की गई थी उसे अपने बीवी बच्चो के नाम हस्तांतरित कर चुका है, चिट फंड कम्पनी के पैसे से लगभग 1 करोड़ का मकान ग्राम टेड़ेसरा में बना रखा है, 25 लाख की नई कार में घूम रहा है, करोड़ो बैंक बैलेंस बैंक ऑफ बड़ौदा, एवं राजनांदगांव के बैंक में हेराफेरी कर बी वी बच्चों एवं अपने नाम पर रखा है जिसकी शाशन द्वारा जाँच कर जप्ती कार्यवही की जाए और हम गरीब किसान ग्रामीणों के खून पसीने की कमाई को छल कर दुगुना तिगुना करने की लालच प्रलोभल देककर जमा कर हडप कर ऐस की जिंदगी जी रहे क्योकि ये भाजपा के नेता है उनका संरक्षण में कार्यवाही से बचते आ रहे है साहब ऐसे दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही हो और हम गरीब ग्रामीणों को न्याय मिले ये अपनी बात रखी, डॉ.रमन सिंह एवं जिला कलेक्टर दोनो द्वारा ऐसे दोषियों को बक्सा नहीं जाएगा जांच कर कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया गया।

# रेसुब द.पु.म.नागपुर मंडल द्वारा चलाया गया साईबर जागरूकता सेमिनार



राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेल नागपुर मंडल द्वारा विजिलेंस सतर्कता सप्ताह 2024 के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, इसके तहत रेसुब द.प.म./नागपुर मंडल को /साईबर हाईजेनिक और सुरक्षाष् विषय पर (ऑफ लाईन व ऑन लाईन संयुक्त) सेमिनार आयोजित करने का कार्यभार सौपा गया। दिनांक 09 अक्टूबर 2024 मंडल रेल प्रबंधक सभा कक्ष में मंडल के ब्रांच आफिसर और साईबर पुलिस नागपुर से आये साईबर विशेषज्ञ रेल के सभी विभागो के स्टाफ की उपस्थित मे सेमिनार का आयोजन किया गया।

साईबर सुरक्षा विषय पर आयोजित सेमिनार मे दपूमरे नागपुर के दीपचंन्द्र आर्य/ डीएससी/ एनजीपी एस.डी.पाटीदार सीपीओ/ एनजीपी उदय भारती डीपीओ /एनजीपी स्वेता छोरिया डीपीओ/एनजीपी साथ ही साईबर पुलिस थाना नागपुर से एपीआई वर्षा बांबेए साईबर विशेषज्ञ. श्रद्धा ढोमने एवं रेलवे के सभी विभागो के स्टाफ उपस्थित रहे। रेसुब नागपुर मंडल मुख्यालय के निरीक्षण एम ण्एलण्यादव द्वारा साईबर फ्रॉड करने वालो के द्वारा अपनाये जाने वाले विभिन्न तरिकेएउनकी पहचानए ओर इससे बचने हेतु सतर्कता के संबंध में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गई।

इसके पश्चात साईबर पुलिस थाना नागपुर से आये साईबर विशेषज्ञ श्रद्धा ढोमने व उनके सहयोगी स्टॉफ द्वारा वर्तमान आधुनिक युग मे इलेक्ट्रॉनिक और इंटरनेट पर निर्भरता के साथ साथ ऑन लाईन साईबर फ्रॉड के जाल मे फसाने के लिए अपनाये जाने वाले तरिके एउसकी पहचान कैसै की जाय उससे बचने के लिए अपनाये जाने वाले उपाय तथा जानकारी व जागरूकता अभियान के माध्यम से प्रचार प्रसार के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी गई। सेमिनार के अंत मे साईबर विशेषज्ञ को स्मृती भेट देने के उपरांत मंडल कार्मिक अधिकारी महोदया द्वारा कार्यक्रम मे सम्मिलित सभी रेल के अधिकारी व स्टॉफ, साईबर सेल के अधिकारी व विशेषज्ञो को सेमिनार के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया गया, इसी के साथ सेमिनार का समापन किया गया, उक्त सेमिनार मे सभा कक्ष मे उपस्थित तथा टब् के माध्यम से रेल के सभी विभागो के लगभग 100 अधिकारी/स्टॉफ सम्मलित हुए।

# माँ के भक्तों की सेवा में जुटे मुस्लिम समुदाय


एबीसग्रुप टेकाहरदी ने संस्कारधानी में सम्प्रदायिक सद्भाव का उत्कृष्ठ उदाहरण दिया

टेकाहरदी (दावा)। शारदीय कुंवार नवरात्र में मां बम्लेश्वरी के पदयात्रियों की मुस्लिम समुदाय भी सेवा कर रहे हैं। टेकाहरदी स्थित एबीस ग्रुप के पंडाल में आपसी भाईचारे का संदेश लिए मुस्लिम धर्मावलंबी पदयात्रियों की आवभगत में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। एक ओर हिन्दू समुदाय शारदीय नवरात्र पर्व के भक्ति में लीन है तो पांच वक्त की नमाज़ अदा करते मुस्लिम पदयात्रियों की सेवा सत्कार में डटे हुए हैं।

नवरात्र पर्व पर मां बम्लेश्वरी के दर्शनार्थियों की सेवा-जतनमेंमध्य भारतका अग्रणी कृषिआधारितउद्योग ''एबीसग्रुप''भी हाथ बंटा रहा है। टेकाहरदी में ग्रुप के द्वारा बनाए गए पंडाल में भक्तों का खूब ख्याल रखा जा रहा है। श्रद्धालुओ ंकी सेवा सत्कार में आई.बी.ग्रुप के जिम्मेदार सदस्यों की ओर स ेबेहतर इंतजाम किए गए हैं। बताया जाता है कि मां के दरबार में माथा टेकने के लिए पैदल निकले श्रद्धालुओं को ग्रुप के जरिये स्वादिष्ट व्यंजन पोहा, चाय नाश्ता परोसे जा रहे हैं। सुबह से लेकर देर रात तक नाश्ता और भोजन का पुख्ता इंतजाम किया गया है। वहीं व्रतधारी श्रद्धालुओं जो जा रहे हैं उनके लिये उपवास के खान पान से भक्तों की थकान दूर की जा रही है। एबीस ग्रुप की ओर से नवरात्र पर्व पर विशेष ख्याल रखने के लिए पंडाल में अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। दूरदराज से पहुंच ेभक्तों की आवभगत में ग्रुप बढ़-चढ़कर भाग ले रहा है।

ग्रुप की ओर से बताया गया है कि हर साल दोनों नवरात्रि के मौके पर सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए भक्तों की सेवा जतन में कोइ ंकसर नहीं छोड़ी जाती। लिहाजा हर साल विशेष पंडाल लगाकर मां के भक्तों के लिए बेहतर इंतजाम करने का प्रयास किया जाता है। बहरहाल एबीस ग्रुप जनहित से जुड़े कार्यों के प्रति बेहतर कर्तव्य का निर्वहन कर रहा है।

की व्यवस्था देखकर दूर-दराज से पहुंच रहे श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहता है। इस पवित्र सेवा में शेख ग्यासुद्दीन भाई, शेख नवाबुद्दीन, सिराज मोहम्मद अशरफी, शकील सिद्दीकी आदि मुस्लिम भाईयों का सहयोग मिल रहा है।

## महिलाओं को सशक्त व स्वावलंबी बनाने बनाए जाएंगे महतारी सदन -गीता घासी साहू

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने भाजपा सरकार द्वारा



महतारी सदन योजना की शुरूआत की जा रही है। इस योजना के तहत प्रत्येक ब्लाक में 10-10 महतारी सदन बनाए जाएंगे। राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू साहू ने कहा कि इसके माध्यम से ग्रामीण महिलाएं सुरक्षित रूप से रोजगार कर आत्मनिर्भर बन पाएंगी। अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा कि शुरूआत में प्रदेश भर के लिए 179 महतारी सदन बनाने की स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने ने कहा कि इन सदनों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। महिलाएं अपने घर के पास ही रह कर कार्य कर सकेंगी।

उन्होंने कहा कि महतारी सदन से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में उम्मीद की नई किरण जागेगी। महिला सशक्तिकरण की दिशा में महतारी सदन योजना मिल का पत्थर साबित होगी। महतारी सदन योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत यह स्वीकृति प्रदान की गई है। विष्णुदेव साय सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना से महिलाएं आत्मनिर्भर बनेगी।

# विद्युतविहीन गांवों के लिए वरदान साबित हुआ सोलर ड्यूल पंप


सोलर ड्यूल पंप से अब गांवों में मिल रहा है शुद्ध पेयजल

मोहला (दावा)। जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौंकी के ऐसे पहुंच विहीन वनांचल तथा दुर्गम ग्राम जहां विद्युत प्रदाय न होने अथवा सुगम विद्युत आपूर्ति न होने के कारण विद्युत पंप की स्थापना किया जाना संभव नहीं था। ऐसे स्थलों पर क्रेडा के द्वारा सोलर ड्यूल पंप की स्थापना का कार्य वर्तमान में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत ऊंचाई 12/09 मीटर किया जा रहा है।

इसके तहत ग्राम में पूर्व से स्थापित सार्वजनिक बोर में सौर ऊर्जा चलित सबमर्सिबल पंप की स्थापना की जाती है तथा इसमें से जल का उद्वहन कर 10,000 लीटर क्षमता के ओवर हैंड वाटर टैंक में जल संग्रहण किया जाता है। सोलर पंप की स्थापना से ग्रामवासियों को 24 घंटे श्रम रहित शुद्ध जल उपलब्ध हो रहा है तथा उन्हें अब पानी लाने के लिए दूर नहीं जाना पड़ता है। पेयजल ग्राम में ही उपलब्ध हो जाता है। अब तक जिला जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौंकी में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत कुल 461 नग सोलर ड्यूल पंप की स्थापना की जा चुकी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन योजनांतर्गत सोलर ड्यूल पंप स्थापना हेतु सुझाये गये स्थलों पर क्रेडा द्वारा तकनीकी परीक्षण उपरांत संयंत्र स्थापना कार्य किया जाता है तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संयंत्र से पाईप लाईन नल कनेक्शन कर पानी घर-घर तक पहुचाया जा रहा हैं। सोलर पंप की स्थापना से ग्रामवासियों को अब अपने ही घर से पेयजल प्राप्त हो रहा है। जिससे वे स्वच्छता की ओर आकर्षित होकर अपने रहन सहन व जीवन शैली में सुधार कर पा रहें है।

## आंगनबाड़ी केन्द्र हेतु दावा आपत्ति 23 तक आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव (शहरी) अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 रेवाडीह वार्ड 21 में आंगनबाड़ी सहायिका के एक रिक्त पदों की पूर्ति के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के निरीक्षण परीक्षण पश्चात वरीयता क्रम अनुसार प्राविधिक मूल्यांकन पत्रक तैयार कर जारी किया गया है। प्रकाशित प्राविधिक मूल्यांकन पत्रक सूची के संबंध में दावा आपत्ति 23 अक्टूबर तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव (शहरी) में प्रस्तुत कर सकते है। प्रकाशित प्राविधिक मूल्यांकन पत्रक सूची का अवलोकन नगर पालिक निगम राजनांदगांव के नोटिस बोर्ड पर किया जा सकता है।

# हिमालय की ऊंची चोटियों पर छत्तीसगढ़ का तिरंगा फहराने का संकल्प लिया यश सोनी ने



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध साइकिल यात्री यश सोनी एक बार फिर से एक अनोखी यात्रा पर निकलने वाले हैं। इस बार उनका लक्ष्य छत्तीसगढ़ की माटी को अयोध्या में प्रभु श्री राम जी के दरबार तक पहुंचाना है और वहां से आशीर्वाद लेकर अपनी साइकिल यात्रा जारी रखना है। यश सोनी उत्तर भारत के कई प्रमुख राज्यों जैसे बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लेह-लद्दाख, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान का भ्रमण करेंगे। अंत में, वे दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की दूसरी कोशिश करेंगे। बीते 2 महीने पहले उन्होंने छत्तीसगढ़ के 10 जिलों में 11,000 किमी की साइकिल यात्रा पूरी की थी, लेकिन उन्हें शासन-प्रशासन का कोई सहयोग नहीं मिल सका। श्री सोनी ने रायपुर में अपनी यात्रा समाप्त करते हुए मुख्यमंत्री और मंत्रियों से भी मिलने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इस नई यात्रा का उद्देश्य भी छत्तीसगढ़ और भारत की संस्कृति, नीति और योजनाओं को समझना और लोगों को जागरूक करना है।

### छत्तीसगढ़ का तिरंगा फहराने का संकल्प

यश सोनी ने छत्तीसगढ़ के गौरव को बढ़ाने का एक नया संकल्प लिया है—वे लेह-लद्दाख और हिमालय की ऊंची चोटियों पर छत्तीसगढ़ का तिरंगा फहराएंगे। उनकी इस यात्रा में साइकिल के माध्यम से उत्तर भारत के राज्यों का विस्तृत भ्रमण शामिल है, जहां वे इन राज्यों की जीवनशैली, संस्कृति और प्रशासनिक नीतियों का अध्ययन करेंगे। सोनी ने वर्ष 2023 में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले की माटी को संग्रहित किया था और अब वे इस माटी को प्रभु श्री राम जी तक पहुंचाना चाहते हैं, ताकि छत्तीसगढ़ के लिए समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद प्राप्त किया जा सके।

यश सोनी अब तक 2 लाख किलोमीटर से ज्यादा की साइकिल यात्रा कर चुके हैं और वे विश्व रिकॉर्ड के साथ तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी अपने नाम कर चुके हैं।

# छत्तीसगढ़ में विधायकों का यात्रा भत्ता दोगुना बढ़ा : अब प्रति किलोमीटर 10 की जगह 20 रुपये का होगा भुगतान




रायपुर। छत्तीसगढ़ के विधायकों के यात्रा भत?ते में सरकार ने भारी बढ़ोत्तरी कर दी है। अब माननीयों को प्रति किलोमीटर 20 रुपये यात्रा भत्ता मिलेगा। राज्य सरकार के संसदीय कार्य विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। उल्लेखनीय है कि, इससे पहले तक छत्तीसगढ़ के विधायकों को यात्रा भत्ता प्रति किलोमीटर 10 रुपये के हिसाब से मिलता था। लेकिन अब राज्य सरकार ने इसे सीधे दोगुना अर्थात 20 रुपये प्रति किलोमीटर कर दिया है।

### कब और क्यों मिलता है यात्रा भत्ता

छत्तीसगढ़ विधान मंडल यात्रा भत्ता नियम, 1957 के मुताबिक किसी विधायक का निवास स्थान राजधानी रायपुर से 8 किलोमीटर से ज्यादा दूर है, तो विधानसभा सत्र या सम्मेलन में भाग लेने के लिए अपने वाहन से यात्रा करने पर उन्हें भत्ता दिया जाता है। इस आदेश के जारी होने से पहले तक यह भत्ता 10 रुपये प्रति किलोमीटर था, अब उसे बढ़ाकर 20 रुपये कर दिया गया है।

## दिव्यांगजनों को प्रदाय किया जायेगा सहायक उपकरण, जनपद पंचायत में कर सकते हैं आवेदन

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले के दिव्यांगजनों का जीवन को संवारने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। इन दिव्यांगजनों को निराश्रित निधि से सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। ऐसे दिव्यांगजन जिसे सहायक उपकरण की आवश्यकता हो, वह अपने जनपद पंचायत में आवेदन कर सहायता प्राप्त कर सकता है। पात्र एवं निर्धारित शर्त पूर्ण करने वाले दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसिकल, कैलीपर, श्रवण यंत्र, व्हील चेयर, वाकर एवं अन्य उपकरण प्रदाय किया जाएगा।

## कलकसा में 13 को सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन

कलकसा (दावा)। अखिल भारतीय गोंड समाज मुड़ा परिक्षेत्र कलकसा के ग्राम कलकसा में ओडार बांध महासभा के निर्देशानुसार 13 अक्टूबर रविवार को सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन। किया जा रहा है। जिसमें महासभा द्वारा गोंडी संस्कृति एवं नेग, दस्तूर पर आधारित नियमावली का विमोचन भी किया जाएगा साथ ही महासभा के दिया जाएगा। कार्यक्रम में महासभा के अध्यक्ष मदन नेताम, संचालाक रमेश उईके, तहसील गोंड समाज डोंगरगढ़ के अध्यक्ष संतोष पड़ोती, कवर्धा से नारायण सुर मरकाम, कृष्णा नेताम, चेम सिंह मरकाम, राधेश्याम सूर्यवंशी, सुशिला नेताम सहित ओडार बांध महासभा के सभी 41 मुड़ा परिक्षेत्र छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र के पदाधिकारी गण व सगा समाज उपस्तिथ रहेंगे।

# विश्व दृष्टि दिवस पर मरीजों का किया परीक्षण दी सलाह

**डोंगरगढ़ (दावा)।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव एवं खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ ,डॉक्टर बीपी एक्का के निर्देशन में 10 अक्टूबर दिन गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुरमुंदा कुसमी लाल बहादुर नगर मोहरा मैं विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर नेत्र परीक्षण कैंप आयोजित किया गया।**




विशेष कर बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें 157 मरीज का नेत्र परीक्षण कर उचित इलाज एवं सलाह दी गई। जिसमें बुजुर्गों को 20 चश्मा निशुल्क प्रदाय किया गया शिविर में नो मोतियाबिंद मरीजों का परीक्षण कर ऑपरेशन करने की सलाह दी गई। विशेष कर बच्चों को नेत्र संबंधी जानकारी जिसमें अधिक मोबाइल ना देखने की सलाह दी गई। एवं लोकल वस्तुओं को खेलने से बचने की सलाह दी गई। जिससे दृष्टि दोष में कमी लाई जा सकती है कार्यक्रम में डॉक्टर चौधरी, डॉक्टर प्रज्ञा सम्राट जैन, रमन सिस्टर, सोफिया सिंह, नेहा काउंसलर, कोर्सरे बीपीएम कैंप में विशेष पर नेत्र सहायक अधिकारी राजेश रौटकर, डीके जैन बंधु, वंदना चंदनिया, अंजुमन वर्मा, सौरभ यादव, नरेंद्र साहू, शिवम निखड़े की अहम भूमिका रही।

# मिनीमाता सम्मान हेतु प्रस्ताव आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2024 हेतु बहादुर कलारिन सम्मान, वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी स्मृति पुरस्कार, मिनीमाता सम्मान हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। सम्मान प्राप्त करने हेतु इच्छुक एवं पात्र आवेदक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राजनांदगांव में प्रस्ताव प्रेषित कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रतिवर्ष महिलाओं के उत्पीडऩ के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को प्रोत्साहित करने बहादुर कलारिन सम्मान एवं महिलाओं विशेष कर वीरता, शौर्य, साहस व महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिलाओं को वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी स्मृति पुरस्कार तथा महिलाओं, विशेषरूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की एक महिला व अशासकीय संस्था को मिनीमाता सम्मान दिया जाता है।

## सुरगी में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण

राजनांदगांव (दावा)। कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव प्रक्षेत्र सुरगी परिसर में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के अध्यक्ष सचिन बघेल, कोमल सिंह राजपूत, सांसद प्रतिनिधि बिसेसर साहू, सरपंच आनंद साहू, चंद्रकृत साहू परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को पेड़ लगाकर अपनी मां और धरती मां के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना एवं धरती के भविष्य को सुरक्षित रखना है। अतिथियों द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत फलदार व फूलदार उद्यानिकी पौधों का रोपण किया गया।

# दिवंगत पिता राजा देवव्रत सिंह के प्रतिमा पर दीप जलाने पहुंचे आर्यव्रत और शताक्षी

खैरागढ़ (दावा)। दिवंगत राजा देवव्रत सिंह के प्रतिमा अनावरण के बाद गुरुवार को देर शाम दुर्गा चौक सिविल लाईन स्थित अपने पिता की प्रतिमास्थली पहुंच कर उनके पुत्र राजा आर्यव्रत सिंह,पुत्री शताक्षी सिंह और बडी बहन उज्जवला देवी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात हो कि पिता के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में दिवंगत राजा देवव्रत सिंह के पुत्र और पुत्री नहीं पहुंचे थे।


समर्थकों के साथ मूर्ति स्थल पर दीपक जलाकर दिया शासन-प्रशासन को धन्यवाद

जिसका कारण आमंत्रण पत्र में उनका नाम नहीं होना बताया जा रहा है। इसके बाद गुरुवार शाम समर्थकों के साथ मूर्ति स्थल पहुंचकर पुत्र राजा आर्यव्रत सिंह और शताक्षी सिंह ने सबसे पहले अपने पिता की स्थापित प्रतिमा को प्रणाम कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वही बडी बहन उज्जवला देवी सिंह ने अपने भाई को प्रणाम कर नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की। इस अवसर पर लाल अशोक सिंह, कन्हैया बैस, सुनील कांत पांडे गुलाब चोपड़ा, राजेश लूनिया, मनराखन देवांगन, मीरा चोपड़ा, विनोद ताम्रकार, नीना ताम्रकार, आरती यादव, आरती महोबिया, सोनू राम ढीमर, जितेंद्र सिंह गौर, यतेंद्र जीत सिंह, नदीम मेमन सुदीप श्रीवास्तव, संजू चंदेल, गुलशन तिवारी, हेमंत वैष्णव, कपिनाथ महोबिया, लाल राजेंद्र सिंह, पलाश सिंह, रिंकू महोबिया, नित्यशरण सिंह, सूर्यकांत यादव, मनोज बैद, पुरुषोत्तम वर्मा, दिलीप लहरे, दयाराम पटेल, और समर्थकों के साथ सामूहिक रूप से दीपक जलाकर जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# भाजपा का सदस्यता अभियान : सांसद-विधायक नहीं पहुंच पा रहे लक्ष्य के करीब

## कई सांसद पांच हजार का आंकड़ा भी पार नहीं पाये, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नाराजगी जताई



रायपुर। प्रदेश भाजपा के सदस्यता अभियान में सवा माह होने वाला है। इस समय में सांसद और विधायकों को दिया गया लक्ष्य प्राप्त करने में इनका पसीना छूट रहा है। सारे के सारे सांसद अब तक फिसड्डी साबित हुए हैं, कोई भी सांसद लक्ष्य के पास नहीं पहुंच सका है। एक ही सांसद 12 हजार के पार गए हैं, लेकिन इनका लक्ष्य भी अभी बहुत दूर हैं। जहां तक भाजपा के 54 विधायकों का सवाल है तो करीब एक दर्जन ही लक्ष्य को भेदने में सफल हुए हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अपने रायपुर प्रवास के दौरान इस मामले में नाराजगी भी जता चुके हैं। प्रदेश भाजपा संगठन ने सदस्यता अभियान के लिए विधायकों के लिए 10-10 हजार का लक्ष्य तय किया है, वहीं सांसदों को 20-20 हजार सदस्य बनाने कहा गया है। सभी अपने लक्ष्य को लेकर जुटे हुए हैं और अपने लिंक से अपने समर्थकों के माध्यम से सदस्य बनाने का काम कर रहे हैं, लेकिन लक्ष्य तक पहुंचने में ज्यादातर विधायक और सांसद अभी कौसों दूर हैं।


### तोखन साहू ही 12 हजार के पार

प्रदेश में भाजपा के दस लोकसभा सांसद और एक राज्यसभा सांसद है। इनमें से एक मात्र केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ही दस हजार के पार पहुंचें हैं। इन्होंने 12 हजार से ज्यादा सदस्य बनाने में सफलता प्राप्त कर ली है, लेकिन बाकी सांसद दस हजार तक भी नहीं पहुंचे हैं। महासमुंद की सांसद और सदस्यता अभियान की सदस्य रूपकुमारी चौधरी दस हजार के पास पहुंचने वाली हैं। इन्होंने 9 हजार का आंकड़ा पार कर लिया है। बाकी सांसद पांच हजार का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके हैं।

### मंत्री-विधायक लक्ष्य के पार

प्रदेश में भाजपा के 54 विधायक हैं। सबसे पहले दस हजार का आंकड़ा पार करने वाले पहले विधायक कुरुद के अजय चंद्राकर रहे हैं। उनके खाते में इस समय 15 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। लेकिन सबसे ज्यादा सदस्य बनाने के मामले में भिलाई वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन ने बाजी मार ली है। उनके खाते में 30 हजार से ज्यादा सदस्य हो गए हैं। इसी के साथ राजिम के विधायक रोहित साहू जहां 14 हजार के आस-पास हैं, वहीं नवागढ़ विधायक तथा खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने करीब 13 हजार सदस्य बना लिए हैं। अन्य विधायकों में प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, लखन लाल देवांगन, लक्ष्मी राजवाड़े ने भी अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। बाकी मंत्री प्रयास में लगे हुए हैं। संभावना है कि सभी मंत्री सदस्यता अभियान की तिथि समाप्त होने से पहले अपना लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे। जो विधायक लक्ष्य तक पहुंचने में सफल रहे हैं, उनमें पंडरिया की विधायक भावना बोहरा, केशकाल के विधायक नीलकंठ टेकाम, दुर्ग के विधायक गजेंद यादव, अभनपुर के इंद्रकुमार साहू, प्रतापपुर की शंकुतला पोर्ते ने भी दस हजार का लक्ष्य पार कर लिया है।

# डोंगरगढ़ में अश्लीलता : मंदिर परिसर में कपल कर रहे किस, किन्नर नग्न होकर कर रहे हंगामा





डोंगरगढ़। जिले के डोंगरगढ़ में दो अश्लील वीडियो वायरल हो रहे हैं। पहले वीडियो में एक कपल मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर में किस कर रहा है। यह वीडियो तकरीबन सुबह 4 से 5 बजे बजे का बताया जा रहा है। जिसे किसी राहगीर ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वहीं दूसरे वीडियो में किन्नरों का झुंड पूरी तरह से नग्न होकर हंगामा कर रहा है।

पहले वीडियो में मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर के पास ही नवरात्रि पर युवक-युवती किस करते दिखाई दे रहे हैं। यह हरकत सुबह करीब 4 बजे के आस-पास की बताई जा रही है। इसका किसी ने वीडियो बनाया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि दोनों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और पतासाजी में जुटी हुई है।

### किन्नरों के झुंड ने नग्न होकर मचाया हंगामा

वही दूसरा वीडियो 8 अक्टूबर का बताया जा रहा है, जहां 8 अक्टूबर को बड़ी संख्या में किन्नर डोंगरगढ़ पहुंचे थे। कालका पारा रेलवे स्टेशन जाने वाले रोड पर दुकानों से नवरात्रि मेले के नाम पर पैसा वसूल रहे थे। इसको लेकर स्थानीय दुकानदार की किन्नर से बहस हो गई और इसके बाद दुकानदार ने किन्नर की पिटाई कर दी। फिर इसके बाद 15- 20 किन्नरों ने मिलकर दुकानदार की पिटाई कर दी। इसके बाद किन्नर नग्न होकर सड़क पर ही हंगामा करने लगे, हंगामे को देख सड़क पर जाम भी लग गया। फिर स्थानीय लोगों ने मौके की नजाकत को देखते हुए पुलिस को सूचना दी और पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद पूरा मामला शांत हुआ।

### एसडीओपी बोले- जांच के बाद करेंगे कार्रवाई

इस पूरे मामले को लेकर डोंगरगढ़ एसडीओपी आशीष कुंजाम कहा कि, दोनों ही अश्लीलता के मामले वाले वीडियो मिले हैं, लेकिन कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। मंदिर में अश्लीलता करने वाले कपल की पहचान की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे है। जांच के बाद उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# विद्युत विभाग दीपावली पूर्व बिजली मेंटनेंस की तैयारी में

**14 अक्टुबर से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के विद्युत लाईनों में किया जाएगा सुधार**

राजनांदगांव (दावा)। आगामी दिनों त्योहारों की श्रृंखला बनी रहेगी इसे देखते हुए विद्युत विभाग द्वारा एन मुख्य त्योहार दीपावली पर्व के समय विद्युत अवरोध न होने पाएं इसलिए दीपावली पूर्व विद्युत लाइन एवं उपकरणों के आवश्यक सुधार कार्य शुरु करने जा रहा है। इस सुधार कार्य के चलते राजनांदगांव शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में 14 अक्टूबर सोमवार से लेकर 23 अक्टूबर बुधवार तक विद्युत लाईनों सहित उसके उपकरणों में सुधार कार्य किया जाएगा। उक्त सुधार कार्य प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक निम्न रुप से दर्शाए गए क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बंद रहेगी। कार्यपालन अभियंता श्री गोस्वामी ने नागरिकों से अपील की है कि दीपावली पर्व में विद्युत अवरोध उत्पन्न न हो इसके लिये 14 अक्टुबर से विद्युत लाइनों का सुधार कार्य किया जायेगा। उन्होंने आम जनता से सहयोग की अपेक्षा की है।

प्रमुख फील्डरों के नाम इस तरह है। दिनांक 14 अक्टूबर सोमवार को उप केंद्र सिंघोला के 11 केवी संबलपुर के अंतर्गत संबलपुर, सिंघोला व भोथली क्षेत्र प्रभावित रहेगा। इसी तरह 15 अक्टूबर मंगलवार को सिंघोला उपकेंद्र के 11 केवी सिंघोला क्षेत्र में सिंघोला ढोड़िया व भोड़िया क्षेत्र प्रभावित रहेगा। इसके पश्चात 16 अक्टूबर बुधवार को सिंघोला उपकेंद्र के 11 केवी सुरगी, क्षेत्र में भोथीपारकला, भोथीपार खुर्द और ढोड़िया प्रभावित रहेगा। गुरूवार 17 अक्टूबर को सिंघोला उपकेंद्र के 11 केवी राजीव गांधी फीडर वाले क्षेत्र में उसरीबोड़ तथा 18 अक्टूबर शुक्रवार को सिंघोला ही उपकेंद्र के 11 केवी रानीतराई फीडर के रानीतराई, महराजपुर व आलीखूंटा क्षेत्र में विद्युत प्रवाह अवरुद्ध रहेगा। इसके अगले क्रम में 19 अक्टूबर शनिवार को सुरगी उपकेंद्र के 11 केवी सुरगी वाले क्षेत्र में सुरगी कोटराभांठा क्षेत्र प्रभावित रहेगा। वहीं 21 अक्टूबर सोमवार को सुरगी उपकेंद्र के 11केवी कुम्हालोरी फीडर के अंतर्गत कुम्हालोरी व बेलटिकरी तथा मंगलवार 22 अक्टूबर को सुरगी उपकेंद्र के 11केवी वाले मुड़पार फीडर में मुड़पार व मलपुरी के पश्चात 23 अक्टूबर बुधवार को सुरगी उपकेंद्र के 11 केवी वाले आरला फीडर क्षेत्र के आरला एवं बुचीभरदा क्षेत्र में विद्युत प्रवाह अवरुद्ध बना रहेगा।

# आज होगा रावण के वध के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत

## विजयादशमी उत्सव की समस्त तैयारियां पूर्ण



राजनांदगांव (दावा)। लगातार सत्रह वर्षों से चली आ रही रावण दहन की परम्परा के व्यवस्थित आयोजन हेतु छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति द्वारा समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। म्युनिसिपल स्कूल प्रांगण की सम्पूर्ण साज-सज्जा पूर्ण हो गई है व असुविधा से बचने के लिए पर्याप्त बेरिकेटिंग व्यवस्था के साथ विभिन्न वर्गवार बैठक व्यवस्था पूर्ण कर दी गई है।

61 फीट ऊंचा विशाल रावण के पुतला दहन हेतु तैयार है एवं दर्शकों को मंत्र-मुग्ध करने वाली मोहक आतिशबाजी की भी तैयारियां मुंबई से आई टीम ने पूरी कर ली हैं। समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने बताया की दशहरा उत्सव का आनंद लेने आए दर्शकों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसकी समुचित व्यवस्था के साथ पार्किंग आदि भी व्यवस्था की गई है साथ ही महिलाओं व बच्चों की सुविधा के लिए सुरक्षा के भी पर्याप्त इंतजाम कर दिए गए हैं एवं उक्त कार्यक्रम की पूर्ण निगरानी सी.सी.टी.वी. कैमरे द्वारा की जाएगी। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रमन सिंह अध्यक्ष विधानसभा छत्तीसगढ़, संतोष पाण्डे सांसद, विशिष्ट अतिथि के रूप में अभिषेक सिंह, मधुसूदन यादव, अशोक शर्मा, श्रीमती हेमा देशमुख, खूबचंद पारख एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित होंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती मुंबई से सारेगामापा एवं इंडियन आईडल की प्रतिभागी एवं पार्श्व गायिका शनमुखा प्रिया का साथ निभाने राईजिंग स्टार के प्रतिभागी रहे अमय दाते एवं उनकी टीम आ रही है। वे अपने मधुरगीतों से संस्कारधानी के संगीत प्रेमी बंधुओ को मुग्ध करेगें। शनमुखा प्रिया राम आएंगे......, रामा रामा रामा......., अई गीरी नंदीनी....., एवं अमय दाते गणपती माझा लालबागा चा राजा........, मौज मस्ती.........जैसे गीतों से संगीत प्रेमियों के दिलों मे अपनी जगह बनायी है। साथ ही इंडीयन आईडल के चर्चित प्रतिभागी होने के कारण टेलीविजन के माध्यम से देश प्रत्येक घरो में देखे व सुने जाते रहे है। विजयादशमी रावण दहन उत्सव के व्यवस्थित आयोजन हेतु पुलिस प्रशासन ने भी अपनी तैयारियां कर ली है। कई मार्गों को डायवर्ट कर उचित रूप से पार्किंग की व्यवस्था की गई है। छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति द्वारा विजयादशमी कार्यक्रम के आयोजन हेतु म्युनिसिपल स्कूल के सामने फ्लाई ओव्हर के नीचे (आरक्षित पार्किंग), महावीर चौक से भगत सिंह चौक के बीच फ्लाई ओव्हर के नीचे (मोटर सायकल पार्किंग), गुरूनानक चौक के पास फ्लाई ओव्हर के नीचे एवं गुरूद्वारा के पास, पुराना अस्पताल, बूढ़ा तालाब के पास, शीतला मंदिर नया मार्ग के किनारे किया जावेगा।

मैदान में गेट क्र. 01 लॉ कॉलेज के सामने जी.ई. रोड़ से, गेट क्र. 02 फव्वारा चौक (पुत्री शाला) कांच घर के सामने से, गेट क्र. 03 भवानी द्वार (नीरज स्कुल गली) से प्रवेश दिया जावेगा, फैमिली पास से केवल परिवार के साथ ही प्रवेश दिया जावेगा।

# कृष्णा टाकीज के प्रबंधक नत्थूलाल शर्मा का निधन



राजनांदगांव (दावा)। शहर के एयरकुल्ड श्री कृष्णा टाकिज के व्यवस्थापक नत्थूलाल शर्मा का निधन हो गया है। मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सदस्य श्री शर्मा का आकस्मिक निधन शुक्रवार को प्रातः हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 11 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर को 2 बजे उनके निवास बलदेव बाग से लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। श्री शर्मा की अंतिम यात्रा में शहर के गणमान्य नागरिक व उनके परिजनों सहित परिचित के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे। राजेश शर्मा (राजू) के पिता की आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए लोगों ने उन्हें मुक्तिधाम में भावभीनी शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# शिक्षाविद् डॉ. हेमलता मोहबे का निधन



**केमिस्ट्री में कईयों को कराई थीं डॉक्टरेट...**

राजनांदगांव (दावा)। नगर सहित जिले में केमिस्ट्री जैसे विषय पर महारत हासिल डॉ. हेमलता मोहबे आज रात लगभग 9.15 बजे इस दुनिया में नहीं रहीं। वे 80 वर्ष की थी। कार्डियक अरेस्ट की वजह से आज संस्कारधानी ने एक महान शिक्षाविद् को खो दिया। उनके असामयिक निधन की खबर सुन उनके अनन्य शिष्यों सहित नगर के गणमान्य नागरिक उनके बल्देवबाग स्थित निवास में उमड़ पड़े। वे नगर के जाने माने एमडी डॉ. रमेश मोहबे एवं चंद्र शेखर मोहबे (मुन्ना भैया) की बहन थीं।

संस्कारधानी नगरी में आज एक बड़ी शिक्षाविद् के चले जाने से शोक का वातावरण निर्मित हो गया। जानी-मानी केमिस्ट्री की विशेषज्ञ और शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, विज्ञान महाविद्यालय रायपुर की पूर्व प्राचार्य डॉ. हेमलता मोहबे ने अपने जीवनकाल में शिक्षा के प्रति अपने कर्तव्यों का भलीभांति निर्वहन किया। महाविद्यालय में अध्यापन कार्य के साथ ही उन्होंने हजारों छात्र-छात्राओं का कुशलता पूर्वक मार्गदर्शन करते हुए उन्हें शिक्षा जगत में सेवा करने हेतु प्रेरणा प्रदान की।

दिवंगत डॉ. मोहबे ने आजीवन अध्ययन-अध्यापन से सतत संबंध रखते हुए दर्जनों विद्यार्थियों को रसायन शास्त्र में पीएचडी की उपाधि दिलाने में मेंटर की भूमिका का भी निर्वहन किया। आज अचानक चले जाने से राजनांदगांव नगर स्तब्ध है। दिवंगत मोहबे मैडम ने अपने पीछे भाई डॉ. रमेश मोहबे, डॉ. चंद्रशेखर मोहबे, राजेश मोहबे, डॉ. उषा, डॉ. संध्या, बहन डॉ. मीना, भतीजे डॉ. सौरभ, डॉ. अभिनव, भतीजी डॉ. सुरभि, डॉ. समष्टि एवं सृष्टि का भरापूरा परिवार छोड़ गईं। उनकी देवलोक गमन यात्रा आज 12 अक्टूबर शनिवार को दोपहर 2:30 बजे लखोली मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

# शिक्षाविद् अभिषेक खंडेलवाल को मिला बेस्ट स्टेट प्रिंसिपल अवार्ड



राजनांदगांव (दावा)। अंचल के प्रसिद्ध शिक्षाविद अभिषेक खंडेलवाल को शिक्षा के क्षेत्र में उनकी प्रशंसनीय सेवाओं हेतु साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं उड़ीसा जोन में बेस्ट स्टेट प्रिंसिपल का अवार्ड दिया गया।

ज्ञातव्य है कि श्री खंडेलवाल को पूर्व में भी विभिन्न प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय संगठनों द्वारा पुरस्कृत किया जा चुका है। आपने विद्यार्थी जीवन में सदैव प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया एवं पंडित रवि शंकर विश्वविद्यालय अध्ययन शाला में एमएससी के पश्चात कल्याण कॉलेज भिलाई से बी एड की डिग्री तथा अपोलो कॉलेज से एम एड की डिग्री प्राप्त की। क्षेत्र के विद्यार्थियों में इंग्लिश भाषा ज्ञानवर्धन हेतु श्री खंडेलवाल को 2011 में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा बेस्ट प्रिंसिपल का अवार्ड किया गया। गायत्री परिवार द्वारा सांदीपनि पुरस्कार, रायल किड्स कॉवेंट द्वारा बेस्ट प्रिसिपल अवार्ड , विभिन्न संगठनों द्वारा बेस्ट प्रिंसिपल पुरस्कार एव सम्मान राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के अनेक मंचों पर दिया गया। आपने अपने शैक्षणिक जीवन की शुरुआत रॉयल किड्स कान्वेंट से व्याख्याता फिजिक्स के रूप में की। आईसीएसई बोर्ड के तथा सीबीएसई बोर्ड के मूल्यांकन कर्ता, परीक्षा समिति सदस्य, एफिलिएशन कंवेनर, स्क्राफ अक्रेडिटर, ट्रेनर रिसोर्स पर्सन हैं। लगभग 200 से अधिक शिक्षण संस्थानों में 2500 से ज्यादा शिक्षकों को देशभर में ट्रेनिंग दे चुके हैं। 25 वर्षों के शैक्षणिक जीवन में सैकड़ों बच्चों का मेडिकल एवं इंजीनियरिंग एंट्रेंस एग्जाम में सिलेक्शन दिलाया है और आज उनके स्टुडेंट्स देश-विदेश में अपने उत्कृष्ट कैरियर द्वारा अपनी टीम का नेतृत्व कर रहे हैं और अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। आपने बताया कि एक शिक्षक की खुशी का पारावार नहीं रहता जब धरती से 10000 फीट की ऊंचाई पर एक एयर होस्टेस चरण स्पर्श कर बताती है कि सर आपने मुझे फिजिक्स पढ़ाया था, या कभी इंदौर एयरपोर्ट पर एक लंबा हष्ट-पुष्ट व्यक्ति (आशुतोष झा) अचानक चरण स्पर्श करता है तो ऐसा लगता है कि शैक्षणिक जीवन धन्य हो गया।

शिक्षकों को संदेश देते हुए श्री खंडेलवाल कहते हैं कि शिक्षा का कार्य बहुत ही पुनीत कार्य है एवं हृदय की गहराइयों से मस्तिष्क की ऊंचाइयों तक शिक्षक को अच्छे से तैयारी कर बच्चों के सामने जाना चाहिए। अपनी बेस्ट टीचिंग प्रतिदिन देने का प्रयास करना चाहिए। एक अच्छा शिक्षक लाइफ़ लांग लर्नर होता है। समय की मांग है हम टेक्नोलॉजी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ अद्यतन हों। उन्होंने साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा प्रदत्त इस अवार्ड को विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के हाथों अशोक चौधरी, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, शाला निदेशक संजय बहादुर सिंह, बर्सर आई के वैष्णव की उपस्थिति में प्राप्त किया।

इस अवसर पर रॉयल किड्स कान्वेंट शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जे. बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, बरसर आई के वैष्णव तथा मित्रगण एवं परिजनों, समस्त पालकों एवं विद्यार्थियों ने बधाईयाँ दी हैं।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com